26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 13 मई, 2026

अंक- 198 | मूल्य दो रुपये | पृष्ठ 16

## रंगासामी ने पुडुचेरी के मुख्यमंत्री की शपथ ली

पुडुचेरी में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का नेतृत्व कर रहे एन आर कांग्रेस के संस्थापक-अध्यक्ष एन रंगासामी ने आज मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

# मुलायम सिंह के छोटे बेटे प्रतीक यादव का निधन



लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे पुत्र और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सौतेले भाई प्रतीक यादव का आज सुबह निधन हो गया। वह 38 वर्ष के थे। बताया जा रहा है कि आज सुबह करीब छह बजे प्रतीक यादव को लखनऊ के सिविल अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अभी तक मौत के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का असली कारण सामने आएगा। प्रतीक यादव मुलायम सिंह यादव की दूसरी पत्नी साधना गुप्ता के बेटे थे। प्रतीक ने ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी ऑफ लीड्स से पढ़ाई की थी। प्रदेश के सबसे बड़े राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखने के बावजूद प्रतीक राजनीति से दूर थे। उनका रियल एस्टेट और फिटनेस का बिजनेस था। वह लखनऊ में 'द फिटनेस प्लेनेट' नामक जिम के मालिक थे। इसके अलावा वह 'जीव आश्रय' नाम की संस्था भी चलाते थे जो स्ट्रीट डॉग्स का इलाज और देखभाल करती है। प्रतीक यादव की शादी अपर्णा यादव से हुई थी। अपर्णा यादव भाजपा की तेजतर्रार नेता हैं और वर्तमान में यूपी महिला आयोग की उपाध्यक्ष हैं। प्रतीक यादव के निधन से यादव परिवार और उनके करीबियों में शोक की लहर है।




### नेपाल-बांग्लादेश की तरह भारत में भी सड़क पर उतरें जेन-जी

## केजरीवाल बोले- सरकार हिला दें!

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** आम आदमी पार्टी ने पेपर लीक होने के बाद नीट की परीक्षा रद्द होने पर केंद्र सरकार और जांच एजेंसियों पर हमला बोला है। नीट पेपर लीक को लेकर आज प्रेस कॉन्फ्रेंस में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सबसे ज्यादा पेपर लीक उन्हीं राज्यों में हुए, जहां भाजपा की डबल इंजन सरकार है। अरविंद केजरीवाल ने कहा, मैं देश के जेन जी से सीधे बात करने आया हूं। मेरी बात ध्यान से सुनना। 2017, 2021, 2024 में पेपर लीक हुए थे। उस समय सीबीआई को जांच सौंप दी गई। क्या सीबीआई ने कुछ किया? इस बार भी सीबीआई को जांच सौंपी गई है। क्या सीबीआई कुछ करेगी? सीबीआई उन्हीं लोगों को रिपोर्ट करती है जो देश में पेपर लीक करा रहे हैं। केजरीवाल ने कहा, जब से मोदी सरकार आई है तब से कुल 93 पेपर लीक हुए हैं। करीब 6 करोड़ युवाओं का भविष्य इन पेपरों में बंद था। इससे शक तो पैदा होता है। क्या इनके नेता पेपर लीक करा रहे हैं? अगर नेपाल और बांग्लादेश के जेन-जी सरकार बदल सकते हैं तो क्या हमारे देश के जेन-जी पेपर लीक करने वाले मंत्रियों को जेल नहीं भेज सकता है।






# नीट की परीक्षा रद्द होने से बच्चे व अभिभावक मायूस

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। 3 मई को आयोजित हुई नीट यूजी 2026 की परीक्षा को एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) द्वारा रद्द कर दिए जाने से परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों को गहरा धक्का लगा है और वे बेहद निराश/हताश हैं। डॉक्टर बनने का सपना संजोए परिक्षार्थी अपनी मेहनत बेकार चले जाने को लेकर अत्यधिक आक्रोशित और चिंतित हैं। इस बार पेपर अच्छा होने के कारण डॉक्टर बनने की उम्मीद लगाए बैठे छात्र-छात्राएं अब दोबारा परीक्षा होने को लेकर परेशान हैं कि आखिर आगे क्या होगा। छात्र छात्राएं डॉक्टर बनने की उम्मीद लेकर नीट परीक्षा की तैयारी के लिए मोटी रकम खर्च कर कोचिंग करने दूरदराज के इलाकों में जाते हैं। उन्हें तैयारी कराने के लिए कई अभिभावक अपनी जमीन जायदाद और गहने तक बेच देते हैं। गरीब मां-बाप अपना पेट काटकर बच्चों के सफल भविष्य के लिए सब कुछ दांव पर लगा देते हैं मगर जब परीक्षा रद्द होती है तो सिर्फ बच्चों का ही मनोबल नही टूटता बल्कि अभिभावकों की भी कमर टूट जाती है। अफजलगढ़ निवासी रोजा असलूब ने ऑनलाइन नीट की तैयारी की थी। उसका कहना है कि पेपर बहुत अच्छा हुआ और इस बार कामयाबी की पूरी उम्मीद थी मगर सब पर पानी फिर गया। रेहड़ निवासी गुनगुन तोमर कहती है कि उसके माता-पिता लाख जतन कर उसे पढ़ा रहे हैं, इस बार की मेहनत सफल होती दिखाई दे रही थी, 120 प्रश्न हल किए मगर सारे सपने चकनाचूर हो गए। मानियावाला निवासी तूबा असरी ने दिल्ली में कोचिंग की। वह कहती हैं कि पापा ने लाखों रुपए खर्च किए और हमारी कड़ी मेहनत से इस बार कामयाबी मुमकिन थी मगर एग्जाम रद्द होने से बड़ा धक्का लगा है। अगवानपुर निवासी प्रबलिन कौर ने रुद्रपुर में कोचिंग कर दिन रात मेहनत की। उसका कहना है कि इस बार सभी विषय के प्रश्न काफी हल्के आए थे, सफलता की पूरी उम्मीद थी मगर एग्जाम रद्द करके अच्छा नहीं किया गया।



रोजा असलूब गुनगुन तोमर प्रबलिन कौर तूबा असरी




## मनमानी फीस वसूली को लेकर अभिभावकों ने किया प्रदर्शन



बिजनौर (चिंगारी)। निजी विद्यालयों द्वारा मनमानी फीस वसूली और विभिन्न मदों के नाम पर कथित अवैध धन उगाही के विरोध में बिजनौर अभिभावक संघ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। अभिभावकों द्वारा दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि अनेक स्कूलों द्वारा अभिभावकों से जबरन अत्यधिक शुल्क वसूला जा रहा है, जबकि इतनी फीस का कोई औचित्य नहीं है। अभिभावकों का कहना है कि जब इस संबंध में उन्होंने स्कूल प्रशासन से बातचीत की तो उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। उल्टा अभिभावकों को यह कहकर धमकाया गया कि यदि वे निर्धारित राशि जमा नहीं कर सकते तो अपने बच्चों का नाम विद्यालय से कटवा लें। अभिभावकों ने जिलाधिकारी से मांग की कि जिले के सभी निजी विद्यालयों में विभिन्न मदों के नाम पर की जा रही अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा फीस निर्धारण प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में नृपेंद्र देशवाल, अभिषेक, मोहित चौधरी, सोनल, ममता, प्रीति, अर्चना तिवारी, पूजा, नीलम, देवेंद्र कुमार, अक्षय कुमार, मनीष शर्मा, शोभा, पूनम, भावना शर्मा, शाहनवाज, हिना, किरण, शिवानी रानी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

## आरजेपी में सम्पन्न हुईं एनसीसी जूनियर डिवीजन की भर्ती

बिजनौर (चिंगारी)। राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर की एनसीसी 30 यूपी बटालियन जूनियर डिवीजन की भर्ती सीओ कर्नल रोहिताश शर्मा के आदेश अनुसार नायब सूबेदार मोहम्मद मुमताज़ एवं बीएचएम गरिष्ठ कोठारी की देखरेख में हुई। भर्ती की विभिन्न गतिविधियों का आरंभ प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। भर्ती प्रक्रिया में प्रतिभागियों द्वारा दौड़, शारीरिक माप-तोल, पुश-अप एवं लिखित परीक्षा हुई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ ने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, शारीरिक फिटनेस और नेतृत्व क्षमता विकसित करता है,साथ ही विभिन्न शिविरों में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। नायब सूबेदार मोहम्मद मुमताज ने कहा कि एनसीसी द्वारा रक्षा बलों (सेना, नौसेना, वायु सेना) में सीधी भर्ती,सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता/आरक्षण, और सी सर्टिफिकेट धारकों को सीडीएस परीक्षा में लिखित परीक्षा से छूट शामिल है। भर्ती प्रक्रिया में उप प्रधानाचार्य बालेश कुमार, लेफ्टिनेंट तेजपाल सिंह, सीटीओ भूपेंद्र पाल सिंह, डीओसी चंद्रहास, द्वितीय ऑफिसर योगेश कुमार आदि ने विशेष सहयोग दिया।



# पूर्व मंत्री ओमवती देवी के निधन पर कांग्रेस कार्यालय में हुई शोकसभा

### दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी

**बिजनौर (चिंगारी)।** शहर कांग्रेस कमेटी बिजनौर के अध्यक्ष हुमायूँ बेग की अध्यक्षता व पूर्व जिला उपाध्यक्ष नज़ाकत अल्वी के संचालन में जिला कांग्रेस कार्यालय बिजनौर में पूर्व विधायक, पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री स्व. श्रीमती ओमवती देवी के निधन पर शोकसभा आयोजित की गई जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने स्व. ओमवती देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने स्व. ओमवती देवी के राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने जनपद में लंबा राजनीतिक सफर तय किया। वह चार बार नगीना से विधायक, एक बार बिजनौर से सांसद रहीं तथा बसपा सरकार में मंत्री पद का दायित्व भी संभाला। उन्होंने अपने कार्यकाल में जिले के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी। नेताओं ने कहा कि जिले के विकास में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूर्णीय क्षति हुई है। इस अवसर पर हुमायूँ बेग एडवोकेट, मुनीश त्यागी, विनोद तोमर एडवोकेट, नज़ाकत अल्वी, चितवन शर्मा, मीनू गोयल, शारिक अली, समीर अहमद, मोहम्मद हनीफ, क़ाज़ी आतिफ़, गुलशन कुमार, अनिल त्यागी, मोहम्मद अकबर, सविता सिंह एडवोकेट, यूसुफ अंसारी, सैय्यद जाफ़र हसनैन गुड्डू, वसीम अकरम, मोहम्मद सलीम एडवोकेट, जेद बेग एडवोकेट, खालिद अंसारी, मोहम्मद खालिद, शाजिया परवीन एडवोकेट, कमरुन्निसा उर्फ चंदा, मिथलेश वर्मा, इब्राहिम, अब्दुल कादिर, आसिफ कुरैशी, नदीम अहमद सहित अनेक कांग्रेसी मौजूद रहे।



# ये क्या किया? अमानगढ़ से आए गुलदार को मानियावाला से पकड़कर फिर अमानगढ़ में ही छोड़ दिया

## आखिर कैसे मिलेगा गुलदार से छुटकारा ?

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** दो दिन पूर्व मानियावाला में कैद हुए गुलदार को वनकर्मियों द्वारा पुन: अमानगढ़ के जंगल में छोड़ दिया गया, जिससे बड़ा सवाल यह पैदा हुआ कि क्षेत्र में पिछले कई सालों से चली आ रही गुलदार की समस्या इस तरह आखिर कैसे खत्म होगी। गुलदार पिछले काफी समय से क्षेत्रवासियों के लिए बड़ा सिरदर्द बने हुए हैं। खेत-खलियानों एवं आबादी क्षेत्र में जगह-जगह लोगों एवं मवेशियों पर हमला करना और उनकी जान तक ले लेना आम बात हो गई है। गुलदार अब अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया के जंगलों से निकलकर आबादी क्षेत्र की ओर तेजी से अपना कदम बढ़ा रहे हैं। जानकारों का कहना है कि जिस जंगल में टाइगर रहते है, वहां गुलदार का टिक पाना मुश्किल होता है और अमानगढ़ के जंगल में टाइगर मौजूद हैं, इसलिए गुलदार, टाइगर से बचकर आबादी क्षेत्र की ओर आ रहे हैं, जहां वह लोगों व मवेशियों की जान के दुश्मन बने हुए हैं। वनकर्मी पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ तो लेते हैं, मगर अमानगढ़ के जंगल से निकलकर आए गुलदार को पकड़ लेने के बाद फिर उसी अमानगढ़ के जंगल में छोड़ा जा रहा है। तीन दिन पूर्व भी मानियावाला से एक गुलदार को पकड़ा गया जिसे वनकर्मी नगीना वन रेंज की पीलीडैम वन चौकी ले गए, जिसके बाद उसे कहां छोड़ा गया, इस सवाल पर वनकर्मी बगले झांकने लगे और उनके द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। वन क्षेत्राधिकारी नगीना प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि गुलदार को अमानगढ़ के जंगल में ही उसके प्राकृतिक वास में छोड़ा गया है। उनका कहना है कि यदि गुलदार यूं ही जंगल से भटककर निकल आए और उसके द्वारा किसी वारदात को अंजाम नहीं दिया गया तो उसे उसके प्राकृतिक वास में छोड़ा जा सकता है।


फाइल फोटो

## सूचना

मेरी हाईस्कूल की अंकतालिका जिसका अनुक्रमांक नम्बर 1240653626 वर्ष 2023-24 वास्तव में कही खो गई है। काफी तलाशने पर भी नहीं मिली। -मोनी देवी पुत्री रूपेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम व पोस्ट जलीलपुर, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र शिवम कश्यप जो मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करता है तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं है, इसलिये मैं अपने पुत्र से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहा हूं और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करता है तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा। -ब्रह्मपाल सिंह पुत्र स्व. राम सिंह निवासी सीएमओ कैम्पस, बिजनौर

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं। कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट

पात्रता (Eligibility)
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति


अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

Hero
हीरो अब शानदार ऑफर के साथ


1 मई से 31 मई तक
CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Mavrick | 50000 |
| 2 | Premium Segment | 5000 |
| 3 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 2500 |
| 4 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## गंगा से गंगोत्री तक...

पश्चिम बंगाल में शानदार विजय प्राप्त कर भाजपा ने अपना व्यापक विस्तार किया है और जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा था कि वह गंगा से गंगोत्री तक पहुंच गई है। बिहार विधानसभा चुनाव में विजय के बाद मोदी ने कहा था कि गंगा बिहार से बंगाल जाकर समुद्र में गिरती है। उनका आशय बंगाल को फतेह करने से था। अब भाजपा यह सफलता प्राप्त कर चुकी है। बंगाल के निकट अतीत पर गौर करें तो प्रदेश की चुनावी यात्रा में भाजपा की विजय का महत्व स्वत: रेखांकित हो जाता है। पश्चिम बंगाल में 34 साल वाममोर्चा सरकार के शासन के बाद 2011 में टीएमसी सत्ता में आने में सफल हुई थी और सीपीएम केवल 40 सीटों तथा 1977 के पहले तक शासन करने वाली कांग्रेस 42 सीटों तक सिमट कर रह गई थी। लेकिन 2016 में तीन सीट से शुरू करने वाली भाजपा 2021 में 77 सीट से होते हुए 2026 में 206 सीटें प्राप्त कर सत्ता तक पहुंच चुकी है। इसके उलट एकसाथ मिल कर चुनाव लड़ने के बाद 2021 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और माकपा एक भी सीट नहीं जीत सकी थीं, जबकि हालिया चुनाव में अलग-अलग चुनाव लड़ कर भी वे केवल दो-दो सीट जीत सकी हैं। जहां तक भाजपा का प्रश्न है, 2014 में केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने के बाद 2018 में देश के 48 प्रतिशत क्षेत्रफल पर भाजपा और उसके गठबंधन का शासन था और मोटे तौर से 54 प्रतिशत जनसंख्या उसके शासन में आती थी। इसके बाद भाजपा ने अपनी संगठनात्मक क्षमता, दलगत अनुशासन, स्पष्ट विचारधारा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के समर्थन से पश्चिम बंगाल में विजय के बाद अब देश के 72 प्रतिशत क्षेत्रफल पर छा गई है और देश की लगभग 78 प्रतिशत जनसंख्या उसके शासन में आ गई है। 2014 में केन्द्र की सत्ता में आने के बाद से भाजपा ने नौ नए राज्यों में विजय पाने में सफलता पाई है जिनमें हरियाणा, महाराष्ट्र, असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, ओडिसा, बिहार और अब बंगाल शामिल हैं। पश्चिम बंगाल में भाजपा की विजय आजादी के बाद से कांग्रेस शासन, 1977 से 2011 तक चले वाममोर्चा शासन तथा 2011 से अब तक चले तृणमूल कांग्रेस शासन के बाद हुई है।

# जब तक शोषण-अन्याय रहेगा, तब तक वामपंथ भी रहेगा!

**यह भी एक सच है कि बदलते हालात के हिसाब से कम्युनिस्ट नहीं बदले और भारत की जाति व्यवस्था को स्वीकार करने की बजाये वर्ग संघर्ष को ही प्राथमिकता देकर पूंजीवाद का लगातार विरोध करते रहे, जिससे वामपंथी राज्यों में पूंजी निवेश घटता गया और रोज़गार घटने से प्रतिव्यक्ति आय का मुकाबला अन्य राज्यों से करने में समस्या आने लगी। संसद में भी एक दौर था जब कम्युनिस्ट सांसदों की संख्या 60 से अधिक थी, लेकिन अमेरिका से परमाणु संधि पर विवाद के बाद कम्युनिस्टों ने यूपीए की मनमोहन सरकार से समर्थन वापस लेकर अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली।**



▶▶इक़बाल हिन्दुस्तानी

देश में पहली निर्वाचित कम्युनिस्ट सरकार केरल में बनी थी। संयोग की बात है कि पिछले दिनों हुए पांच राज्यों के चुनाव में देश के एकमात्र राज्य केरल में बची वामपंथी सरकार भी हार गयी। इसी के साथ ही वामपंथ के चिरपरिचित विरोधी साम्प्रदायिक और पूंजीवादियों ने झूठा राग अलापना शुरू कर दिया कि अब भारत से कम्युनिस्ट विचारधारा हमेशा के लिये खत्म हो गयी। यह उनका बचकाना नादान और मूर्खतापूर्ण दावा है कि भारत ही नहीं, दुनिया से कभी कम्युनिस्ट विचारधारा खत्म हो सकती है। उनको पता होना चाहिये कि वामपंथी सोच का अस्तित्व और जन्म मज़दूर, किसान, गरीब, कमजोर, दलित और अल्पसंख्यकों के शोषण, अत्याचार, अन्याय के खिलाफ हुआ है। ज़ाहिर बात है कि जब तक दुनिया और हमारे देश में भी ये सब असमानतायें, कमियां और बुराइयां मौजूद हैं, तब तक उनके खिलाफ लड़ने की इंसान की इच्छा शक्ति लक्ष्य और सपना भी जीवित रहेगा। इसलिये वामपंथ का कभी अंत नहीं होगा। जब दशकों तक जनसंघ और बीजेपी सत्ता में नहीं आई तो क्या संघ की विचारधारा देश से खत्म हो गयी थी? नहीं, क्योंकि विचारधारा का सत्ता से सीधा सरोकार नहीं होता है।



अंग्रेजी में एक शब्द विलफुल थिंकिंग है। यह उन दावों के लिये इस्तेमाल होता है, जिनमें आदमी उस तरह की सोच का शिकार होता है, जैसा वह देखना चाहता है। सामने सच और हकीकत कुछ और होते हुए भी वह उसको झुठलाता है। मिसाल के तौर पर हिंदुओं का एक वर्ग खुद को सर्वश्रेष्ठ और विश्वगुरू मानता है, तो वह वास्तविकता इससे विपरीत होने पर भी इस कल्पना में ही जीता रहता है कि वह जो मानता है वही हो रहा है और वही होगा। ऐसे ही मुसलमानों का कट्टरपंथी तबका अपने इस्लाम को दुनिया का सबसे बेहतरीन मज़हब बताता है और यह भी दावा करता है कि दुनिया में एक दिन सब लोग मुसलमान होंगे और इस्लाम का राज होगा, जबकि हकीकत से यह दावा बिल्कुल उल्टा है। ऐसा होने के दूर-दूर तक आसार भी नहीं हैं। लेकिन वह हर घटना, हर जंग और हर बात को इसी से जोड़कर खुशफहमी में जीता है। जब सोवियत संघ का पराभव हुआ, उस समय भी नवउदारवादियों ने दुनिया से वामपंथ की अंतिम विदाई का समूहगान किया था, लेकिन रूस तो फिर से खड़ा हो गया। साथ ही वह दुनिया की पांच वीटो पॉवर वाले परमाणु शक्ति वाले देशों के क्लब में भी बना हुआ है।

इतना ही नहीं आज वामपंथी चीन दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने को अमेरिका से होड़ कर रहा है। वह तकनीक हथियार और नये-नये क्षेत्रों में दुनिया की महाशक्तियों को चुनौती दे रहा है। अपने देश में निर्मित सस्ते माल से चीन ने दुनिया के तमाम देशों को पाट दिया है। दुनिया के कई मुल्कों में कम्युनिस्ट सरकारें चल रही हैं। यह ठीक है कि भारत में पश्चिमी बंगाल के बाद त्रिपुरा और अब केरल से कम्युनिस्ट सरकार की विदाई हो गयी है। लेकिन यह नहीं भूलना चाहिये कि बंगाल में सबसे अधिक लंबे समय तक सरकार चलाने का रिकॉर्ड भी कम्युनिस्टों के नाम 34 साल का है। केरल में बारी-बारी से कांग्रेस के नेतृत्व वाला गठबंधन वामपंथी सरकार को रिप्लेस करता रहा है। लेकिन आप तीनों राज्यों में देखें तो भूमि सुधार, सार्वजनिक शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था, विकेंद्रीयकरण, साम्प्रदायिक दंगों को रोकने के लिये सामाजिक चेतना सहित मज़दूरों को न्यूनतम सम्मानजनक वेतन, गरीबों को जीवन यापन के लिये भूमि बेरोज़गारों को रोज़गार मिलने तक गुजारा भत्ता आदि जनहित की अनेक योजनायें वामपंथियों की देन रही हैं। केरल में एलडीएफ की सरकार की हार के बाद यह पहला मौका है कि वामराज के एक दौर पर फिलहाल विराम लगा है। लेकिन यह समझना भूल होगा कि अब कम्युनिस्ट सरकार की वापसी नहीं होगी। यह सच है कि 1977 के बाद देश में पहली बार किसी भी राज्य में वामपंथी सरकार नहीं है। यह याद रखना चाहिये कि 1957 में जब केरल में पहली बार नंबूदरीपाद के वामपंथी सरकार के मुख्यमंत्री बने थे, तब वह भारत के ही किसी राज्य नहीं, दुनिया में पहली चुनी हुयी कम्युनिस्ट सरकार के मुखिया बने थे। नंबूदरीपाद देश के पहले गैर कांग्रेसी सीएम भी थे। उनकी सरकार को तत्कालीन केंद्रीय कांग्रेसी नेहरू सरकार ने बिना किसी ठोस कारण के दो साल बाद ही बर्खास्त कर दिया था। लेकिन उन्होंने बार-बार चुनाव जीतकर केरल को सबसे अधिक साक्षर और मानव मूल्य विकास में अग्रणी बना दिया था। बंगाल में वामपंथी मुख्यमंत्री ज्योति बसु भूमि सुधार पंचायती राज और राजनैतिक स्थिरता के साथ सबसे लंबे समय 23 साल तक राज करते रहे। उनको 1996 में देश में संयुक्त मोर्चा सरकार में प्रधानमंत्री बनने का मौका भी मिल रहा था, लेकिन कम्युनिस्टों की अपने बहुमत से ही पीएम बनने की ज़िद ने भारतीय राजनीति को नई दिशा देने का स्वर्णिम अवसर खो दिया, जिसको बाद में वामपंथी इतिहास की हिमालय जैसी भूल माना गया। वर्ना आज देश की राजनीति का रूप-रंग कुछ और ही होता।

यह भी एक सच है कि बदलते हालात के हिसाब से कम्युनिस्ट नहीं बदले और भारत की जाति व्यवस्था को स्वीकार करने की बजाये वर्ग संघर्ष को ही प्राथमिकता देकर पूंजीवाद का लगातार विरोध करते रहे, जिससे वामपंथी राज्यों में पूंजी निवेश घटता गया और रोज़गार घटने से प्रतिव्यक्ति आय का मुकाबला अन्य राज्यों से करने में समस्या आने लगी। संसद में भी एक दौर था जब कम्युनिस्ट सांसदों की संख्या 60 से अधिक थी, लेकिन अमेरिका से परमाणु संधि पर विवाद के बाद कम्युनिस्टों ने यूपीए की मनमोहन सरकार से समर्थन वापस लेकर अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली। इसके साथ ही यूपी और बिहार जैसे राज्यों में कभी मुख्य विपक्ष बनकर रहने वाले कम्युनिस्ट जाति और धर्म की राजनीति का वर्चस्व बढ़ने पर धीरे-धीरे किनारे होते गये। भारत के लोगों में कम्युनिस्टों को लेकर उनके नास्तिक होने का भी सियासी नुकसान हुआ, क्योंकि भारतीय मूल रूप से धार्मिक और अंधविश्वासी होते हैं, जबकि वामपंथी धर्म को राजनीति या सार्वजनिक जीवन में लाने के खिलाफ रहे हैं। साथ ही यह भी रिकॉर्ड है कि कम्युनिस्टों के राज में एक भी मंदिर, मस्जिद नहीं तोड़ी गयी न ही किसी धर्म के मानने वालों को उनके पूजा या नमाज़ जैसी किसी गतिविधि से रोका गया, लेकिन चुनावी राजनीति महंगी और जाति व धर्म आधारित होते जाने से भी वामपंथी खुद को हाशिये पर जाता देखते रहे। सबसे बड़ी कमी उनकी यह रही कि उन्होंने समय रहते लोगों को प्रगतिशील विवेकशील तर्कशील और वैज्ञानिक सोच का नागरिक बनाने को कोई विशेष सांस्कृतिक, सामाजिक और चेतना व जागरूकता का संघन अभियान नहीं चलाया, जिससे संघ व बीजेपी जैसी साम्प्रदायिक पार्टी को सत्ता में आने और लोगों के दिमाग पर मीडिया के ज़रिये कब्ज़ा करने का मौका मिल गया। लेकिन यह भरोसा रखना चाहिये कि जब तक समाज में असमानता पक्षपात और अन्याय है, तब तक वामपंथी सोच को दुनिया की कोई ताकत खत्म नहीं कर सकती, भारत भी इसका अपवाद नहीं है। शायर ने कहा है- **मेरे बच्चे तुम्हारे लफ्ज़ को रोटी समझते हैं, ज़रा तक़रीर कर दीजिये कि इनका पेट भर जाये।**

(नोट- लेखक चार दशक से अधिक से हिंदी पत्रकारिता और आकाशवाणी से एक कलाकार के तौर पर जुड़े हैं।)

# ..जब दावत में ज़मीन पर बैठाकर भोजन कराया जाता था

**वो पुरानी यादें**

**नांगल सोती ( चिंगारी )। पुराने समय में घरों में जब छोटा-मोटा कार्यक्रम होता था, तो लोगों को जमीन पर बैठाकर और केले या ढाक के पत्तों पर भोजन कराया जाता था, मगर इस दौर में यह सब इतिहास बनकर रह गया है। आज छोटे से छोटे कार्यक्रम में भी खड़े होकर भोजन कराने का चलन कायम हो गया है।**



फाइल फोटो।

ग्रामीण परिवेश में भी आधुनिकता के दौर में तीव्र परिवर्तन हुआ है। गांवों की पुरातन परम्परायें भी आधुनिकता के रंग में रंगकर अपना अस्तित्व खो चुकी हैं। आज से ढाई-तीन दशक पूर्व तक गांवों में जब कोई अपने घर पर छोटा-मोटा कार्यक्रम करता था और परिवार-कुटुम्ब के कुछ लोगों की दावत करता था, तो लोगों को जमीन पर बिछाये गये कपड़े, तिरपाल पर बैठाकर केलों के पत्तों या ढाक के पत्तों पर भोजन कराया जाता था। केले के एक पत्ते को दो-तीन जगह से काटकर तीन-चार पत्तलें ( प्राकृतिक प्लेट्स) बनाई जाती थीं। बैठकर भोजन करने से जहां भोजन का पाचन बहुत अच्छा होता था, वहीं मानसिक संतुष्टि भी मिलती थी और भोजन भी बेहद स्वादिष्ट लगता था। इस परम्परा में भोजन की बर्बादी भी नहीं होती थी, क्योंकि व्यक्ति उतना ही लेता था, जितनी उसे भूख होती थी। लेकिन धीरे-धीरे यह परम्परा इतिहास बन गई। छोटे-छोटे कार्यक्रमों में भी खड़े होकर भोजन कराने की व्यवस्था चल पड़ी है। बैठकर भोजन कराने की परम्परा अब लो स्टैंडर्ड का प्रतीक समझी जाने लगी है। यदि कहीं पर बैठाकर भोजन कराया भी जाता है , तो केले के पत्तों के स्थान पर रेडीमेड पत्तलें उपयोग की जाती हैं।

**प्रस्तुति : रुकन राजपूत**

## बैठकर भोजन करने के लाभ

जमीन पर बैठकर पालथी मारकर भोजन करना सुखासन में भोजन करना कहलाता है। इस तरह भोजन करना पाचन, मानसिक शांति और समग्र स्वास्थ्य के लिये फायदेमंद होता है। यह मुद्रा पेट की मांसपेशियों को सक्रिय करती है , जिससे पाचन रस बेहतर तरीके से निकलते हैं और भोजन जल्दी पचता है। इस तरीके से बैठने से रीढ़ की हड्डी सीधी रहती है तथा रक्त संचार सुधरता है।

## खड़े होकर भोजन करने के नुकसान

खड़े होकर भोजन करना स्वास्थ्य के लिये हानिकारक माना जाता है। बताते हैं कि इससे पाचन प्रक्रिया धीमी हो जाती है और शरीर को पूरे पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं। इससे अपच, कब्ज, एसिडिटी और पेट में भारीपन जैसी समस्यायें हो सकती हैं। खड़े होकर भोजन खाने से आंतें सिकुड़ जाती हैं, जिससे भोजन ठीक से नहीं पच पाता है। इससे तेजी से वजन बढ़ने और पोषण में कमी की समस्यायें उत्पन्न हो सकती हैं। खड़े होकर खाने से मानसिक संतुष्टि भी नहीं मिलती है।

# कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को जागरुक किया

**नगीना ( चिंगारी )।** प्रगतिशील कृषकों को संतुलित उर्वरक प्रबंधन विषय पर आई.आई.एफ.एस.आर मेरठ के वैज्ञानिकों एवं कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के वैज्ञानिकों द्वारा ग्राम डल्लू धनौरा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को फसलों में संतुलित उर्वरक उपयोग तकनीक, हरी खाद बुवाई, अजोला उत्पादन एवं उपयोग विधि, मृदा परीक्षण का महत्व तथा खेती में जैव उर्वरकों के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में आई.आई. एफ.एस.आर, मेरठ से डॉ.जगन सिंह गोरा, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.सुनील कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र नगीना से प्रभारी अधिकारी डॉ.के.के. सिंह एवं डॉ.शिवांगी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। प्रगतिशील कृषकों में सर्वेन्दर कुमार, अनुराग कुमार आदि रहे।




ग्राम डल्लू धनौरा में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में हिस्सा लेते किसान।

# मेढ़ काटने को लेकर हुये झगड़े में युवक लहूलुहान

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** खेत की मेढ़ काटने को लेकर दो पक्षों में हुए झगड़े में एक युवक लहूलुहान हो गया। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराकर पिता-पुत्रों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। नांगल निवासी वेदपाल पुत्र आनंद सिंह मंगलवार को ठेके पर लिये खेत से खरपतवार निकालने गया था। पास के खेत में उसके पड़ोसी सुधीर पुत्र स्व. मामराज सिंह तथा हर्षवर्धन एवं नवनीत पुत्रगण सुधीर भी काम कर रहे थे। वेदपाल का कहना है कि सुधीर और उसके पुत्रों ने उसके खेत की मेढ़ काट दी थी। उसने मेढ़ काटने को मना किया, तो उन पिता-पुत्रों ने उसे लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। वेदपाल के परिजनों को घटना का पता लगा, तो उसके भतीजे विधांशु पुत्र स्व. लवकुश कुमार, आशीष पुत्र लोकेश तथा भाई लोकेश मौके पर पहुंचे। आरोप है कि उनके ऊपर भी फावड़े से कई वार किये गये, जिसमें अन्य व्यक्ति तो बाल-बाल बच गये, मगर विधांशु का कान कट गया। अन्य को गुम चोटें आई हैं। पुलिस ने विधांशु का मेडिकल परीक्षण कराकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# फलों पर महंगाई की मार, लोग कैसे करें फलाहार ?

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** फलों पर महंगाई की ऐसी मार पड़ रही है कि गरीब के लिये फलाहार करना बहुत मुश्किल होता जा रहा है।

इस समय ज्यादातर फल महंगाई की आग में झुलस रहे हैं। फलों पर सामान्य से बहुत ज्यादा महंगाई देखी जा रही है। अंगूर हो या अनार गरीब के लिये छूना भी मुश्किल हो रहा है। सामान्य क्वालिटी का अंगूर भी ठेलियों पर 200 रूपये प्रति किग्रा से कम दाम पर नहीं बिक रहा है। औसत क्वालिटी का सेब 120 रूपये प्रति किग्रा है। छोटा और हल्की क्वालिटी का अनार कम से कम 80 रूपये प्रति किग्रा है, जबकि उत्तम क्वालिटी का अनार 200 रूपये प्रति किग्रा है। महंगाई के कारण संतरा ग्रामीण क्षेत्रों की ठेलियों पर बहुत कम नजर आ रहा है। इसके दाम भी 120 रूपये प्रति किग्रा से कम नहीं हैं, जबकि अच्छी क्वालिटी के संतरे के दाम तो कहीं ज्यादा हैं। केला भी 50 रूपये प्रति दर्जन से कम दाम पर नहीं बिक रहा है। फलों पर बरस रही महंगाई की आग के कारण गरीबों के बच्चे तो मन मसोसकर ही रह जाते हैं, जबकि अन्य लोगों का बजट भी गड़बड़ा रहा है।



फल विक्रेताओं नसीम, भूपेन्द्र, कमरुद्दीन, बहाल, दिलशाद का कहना है कि आसमान छू रहे दामों के कारण फलों की बिक्री काफी प्रभावित हो रही है। कमरुद्दीन का कहना है कि पहले एक दिन में जहां 10 किग्रा अंगूर बिकते थे, अब मात्र दो-ढाई किग्रा ही बिक रहे हैं।

## फलों के दाम

अंगूर - 200 रु. प्रति किग्रा
सेब - 120-140 रु. प्रति किग्रा
संतरा - 120- 150 रु. प्रति किग्रा
अनार - 80- 200 रु. प्रति किग्रा
आम - 60-80 रु. प्रति किग्रा
केला - 50-70 रु. प्रति दर्जन

# कृष्णापुर में कुमाऊं आयुक्त ने किया स्थलीय निरीक्षण

## सफाई कार्य में लापरवाही पर वेतन काटने के निर्देश



**नैनीताल ( चिंगारी )।** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने मंगलवार को नैनीताल जनपद के कृष्णापुर क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर भूस्खलन एवं पहाड़ी से गिरते बोल्डरों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों से वार्ता कर समस्याएं सुनीं और मौके पर ही विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

आयुक्त ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से अस्थिर अवस्था में मौजूद विशाल बोल्डर को सिंचाई विभाग ने जाल लगाकर रोकने का प्रयास किया था, जो पर्याप्त सिद्ध नहीं हुआ। हाल ही में बोल्डर गिरने से एक कार एवं एक मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हुई, हालांकि जनहानि नहीं हुई।

आयुक्त ने स्पष्ट किया कि शेष अस्थिर बोल्डरों को केवल स्थिर करना पर्याप्त नहीं है, उनका पूर्ण एवं सुरक्षित निस्तारण आवश्यक है। इसके लिए, स्लोप स्टेबलाइजेशन में विशेषज्ञ एजेंसी को तत्काल मौके पर बुलाकर आधुनिक तकनीक से बोल्डरों को छोटे टुकड़ों में विभाजित कर हटाने की कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में कुमाऊं आयुक्त द्वारा अपर जिलाधिकारी को सम्बंधित एजेंसी से वार्ता कर तत्काल आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने क्षेत्र का भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण भी शीघ्र कराने को कहा।

क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्थानीय लोगों द्वारा पैदल मार्ग की जर्जर स्थिति एवं बच्चों की सुरक्षा की बात आयुक्त के सम्मुख रखी। इस संबंध में आयुक्त ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को तत्काल मार्ग मरम्मत का कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जब तक बलिया नाले का स्थायी स्थिरीकरण नहीं होता, तबतक वर्तमान मार्ग पर रेलिंग लगाकर मार्ग को सुरक्षित तैयार किया जाये।

क्षेत्र भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर अत्यधिक गंदगी पाए जाने पर आयुक्त ने नाराजगी जताई। नगर पालिका को चेतावनी देते हुए नियमित सफाई के निर्देश दिए। साथ ही जो सफाई कार्मिक क्षेत्र में तैनात हैं और कार्य नहीं कर रहे हैं, उनका उस दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर पालिका को नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# छात्र संसद को शपथ दिलाई



सरस्वती वंदना में शामिल अतिथि।

**धामपुर ( चिंगारी )।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध रामगोपाल रामचन्द्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वंदना सत्र में छात्र संसद, का शपद ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अंकित राणा (प्रांत सह संयोजक पूर्व छात्र परिषद), राघव शरण गोयल (पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा) व प्रवीण राजपूत (विद्यालय के पूर्व छात्र परिषद संयोजक) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में योग प्रताप ने प्रधानमंत्री, अभिकांत ने उपप्रधानमंत्री, दीपांश ने सेनापति व राघव गिरी ने उपसेनापति पद की शपथ ग्रहण की। विदित हो कि छात्र-संसद के गठन में सर्वप्रथम प्रत्येक कक्षा वर्ग से दो-दो छात्र सांसद गुप्त मतदान से चुने गये । उसके उपरान्त प्रधानमंत्री का चुनाव छात्र सांसदों के मत, भाषण प्रतियोगिता एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के आधार पर किया गया। इस अवसर पर राघव शरण गोयल ने विद्यालय में नवम् से द्वादश के प्रत्येक कक्षा व वर्ग के लिए 22 लेक्चर स्टैंड प्रदान किये जिनकी कीमत 46,000 रूपये है। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमेंद्र सिंह ने इस सहयोग के लिए राघव शरण गोयल का आभार प्रकट किया।

## 18 को मनाई जायेगी महाराजा भागीरथ जयंती

**धामपुर ( चिंगारी )।** महाराजा भागीरथ जयंती पर राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन द्वारा 18 मई सोमवार को महाराजा शूरसेन सैनी चौक, माता सावित्रीबाई फूले मार्ग, अशोक की लाट, महात्मा ज्योतिबा फूले चौक पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। जबकि 19 मई मंगलवार को प्रातः 11 बजे माता द्रोपदी देवी मंदिर में महाराजा भागीरथ जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी संस्था के संस्थापक शिवम सैनी ने दी। उन्होंने कहा कि हमें महाराजा भागीरथ जी की जयंती पर उनके त्याग और परोपकार को याद करके उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

# रासायनिक उर्वरकों का सन्तुलित उपयोग करें किसान : डॉ. धनकड़

**धामपुर ( चिंगारी )।** आर.एस.एम कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रवि धनकड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को 25-50 प्रतिशत तक कम करने की अपील कर स्पष्ट किया है कि आगामी खरीफ सीजन हेतु उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है, परन्तु वर्तमान समय में आवश्यकता खाद की कमी की नहीं, बल्कि उसके संतुलित एवं वैज्ञानिक उपयोग की है। प्रेस को जारी एक विज्ञप्ति में डॉ. रवि धनकड़ ने बताया कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी की उर्वरता लगातार घट रही है, साथ ही खेती की लागत बढ़ने, पर्यावरण प्रदूषण तथा मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि संतुलित उर्वरक प्रयोग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर किसान फसल लागत कम करने के साथ-साथ उत्पादन एवं आय में वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से स्वस्थ मिट्टी एवं टिकाऊ कृषि प्रणाली को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ मिट्टी ही समृद्ध किसान की पहचान है।

# बंटवारे को लेकर सगा भाई बना जान का दुश्मन, पाटल से किया हमला

## आरोपी भाई गिरफ्तार, पाटल बरामद



**जसपुर ( चिंगारी )।** मकान बंटवारे के विवाद में अपने ही छोटे भाई पर पाटल से हमला करने वाला बड़ा भाई पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आरोपी से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पाटल भी बरामद कर घटना का खुलासा कर दिया। मोहल्ला नई बस्ती निवासी अनवर हुसैन और शेर अली सगे भाई है। दोनों के बीच मकान के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते शेर अली ने बीते शनिवार की शाम लकड़ी मंडी स्थित अपनी फर्नीचर की दुकान के पास टहल रहे अपने छोटे भाई अनवर हुसैन पर धारदार पाटल से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में बचाव के दौरान अनवर हुसैन के बाएं हाथ की कलाई गंभीर रूप से कट गई। इस दौरान बीच-बचाव करने आए शराफत पर भी आरोपी ने हमला कर उसे भी घायल कर दिया। घटना के बाद गंभीर रूप से दोनों घायलो को परिजन काशीपुर ले गए। वहां से अनवर हुसैन की हालत गंभीर होने पर उसे एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया गया। मामले में घायल अनवर हुसैन की पत्नी कलसुम जहां ने तहरीर देकर आरोपी शेर अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

सोमवार को कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी शेर अली (40 वर्ष) पुत्र मो सलीम निवासी चांद मस्जिद के पास को गिरफ्तार कर लिया साथ ही उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त खून लगा धारदार पाटल भी बरामद कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी के दौरान पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश पांडेय, एसएसआई जावेद मलिक, एसआई भूपाल राम पौरी, हेम फुलेरा, जाकिर हुसैन, कुलदीप सिंह, इंद्र सिंह रहे।

# प्रदर्शन की अपेक्षा दर्शन को प्राथमिकता दें : राजेन्द्र वशिष्ठ



पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ महाराज

**धामपुर ( चिंगारी )।** दुर्गा विहार कॉलोनी के सिद्ध पीठ श्री नवदुर्गा बाबा खाटू श्याम मंदिर में चल रहे आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव में धुंधकारी के जन्म से लेकर स्वर्गारोहण तथा भगवान के 24 अवतारों का प्रसंग सुनाया गया। कथा में मंदिर के पीठाधीश्वर एवं कथा वाचक आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ महाराज ने कहा कि मानव जीवन की सदुपयोगिता के लिए प्रत्येक सांसारिक प्राणी जीवन में प्रदर्शन के स्थान पर दर्शन को प्राथमिकता दिए जाने का संकल्प ले। कथा के मुख्य यजमान अनिल कुमार वर्मा एवं दुलारी देवी वर्मा, अखिलेश कुमार वर्मा एवं भारती रानी वर्मा, अभिनव वर्मा आदि रहे। पूजन कार्यक्रम पंडित सुमित कुमार वशिष्ठ एवं पंडित अमित कुमार वशिष्ठ ने संपादित कराया। महाराज श्री ने बताया कि जिस सांसारिक प्राणी ने कभी राम नाम का सुमिरन नहीं किया और मरते समय यदि उसके मुख पर राम का नाम आ जाए तो प्रभु उसका भी उद्धार कर देते हैं। कथा के व्यवस्थापक कुंवर आशीष राजपूत ने प्रतिदिन दोपहर 3 से सायं 6 बजे तक होने वाली कथा में पहुंचने की अपील की।

# स्मैक के साथ गिरफ्तार

जसपुर (चिंगारी)। कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्यवाही करते हुए एक स्मैक तस्कर दबोचा है। सोमवार को एसआई हरीश आर्य ने पुलिस टीम के साथ गश्त के दौरान मोहल्ला पट्टी चौहान निवासी नशा तस्कर मो. नाजिम पुत्र नईम अहमद को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से पुलिस ने 10.95 ग्राम स्मैक बरामद की है। कोतवाल राजेश पांडे ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

# एक दिन की जिलाधिकारी बनी सृष्टि प्रशासनिक कार्यों पर डाली दृष्टि



**बिजनौर ( चिंगारी )।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत मंगलवार को एक अनोखी पहल देखने को मिली, जब अफजलगढ़ क्षेत्र की मेधावी छात्रा कु. सृष्टि चौहान ने एक दिन के लिए सांकेतिक जिलाधिकारी की जिम्मेदारी संभाली। प्रशासनिक कुर्सी पर बैठी सृष्टि ने न केवल सरकारी कार्यप्रणाली को करीब से समझा, बल्कि महिला जनसुनवाई में पहुंची फरियादियों की समस्याएं भी गंभीरता से सुनीं।

राखी मेमोरियल विद्या निकेतन गर्ल्स इंटर कॉलेज आसफाबाद चमन की कक्षा 11 की छात्रा एवं ग्राम मानियावाला गढ़ी निवासी सृष्टि चौहान को नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत यह अवसर दिया गया। सृष्टि चौहान ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी कार्यालय के कामकाज, जनसुनवाई व्यवस्था और विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली की जानकारी हासिल की।

इस दौरान जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मिशन शक्ति अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि इसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना तथा उन्हें सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में आईसीडीएस की रविता राठी, विद्यालय की प्रधानाचार्या संध्या शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं शिक्षक मौजूद रहे।

# पेपर लीक का गोरखधंधा माकपा ने की कड़ी निंदा

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** माकपा ने नीट एग्जाम का पेपर लीक होने की निंदा करते हुए एनटीए को तुरंत भंग करने और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। पार्टी के जिला मंत्री का. विजेन्द्र सिंह ने कहा कि नीट एग्जाम का पेपर लीक होने से प्रभावित हुए लगभग 22 लाख स्टूडेंट्स पर अब साइकोलॉजिकल प्रेशर पड़ रहा है। जबकि इसमें उनका कोई दोष नहीं है। पेपर लीक का गोरखधंधा लगातार जारी है और सरकार इसे रोक पाने में नाकाम सिद्ध हुई है। ऐसे भ्रष्ट और निजी स्वार्थ के लिये काम करने वाले लोगों को स्टूडेंट्स की चिंताओं की कोई परवाह नहीं होती है। यह पहली बार नहीं है जब केन्द्र सरकार द्वारा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को एग्जाम कराने का काम सौंपे जाने के बाद एग्जाम पेपर लीक हुए हैं। एनटीए को तुरंत भंग कर देना चाहिये और एग्जाम कराने का काम डीसेंट्रलाइज़् किया जाना चाहिये। एग्जाम कराने की जिम्मेदारी पहले की तरह सम्बन्धित सरकारी एजेंसियों को सौंपी जानी चाहिये। माकपा केन्द्र सरकार से मांग करती है कि लीक की पूरी जांच कर जिम्मेदार लोगों को सख्त सजा दी जाये और तुरंत ऐसे कदम उठाये जायें, जिससे प्रभावित छात्रों का भविष्य खतरे में न पड़े।



का. विजेन्द्र सिंह

# सऊदी अरब में होगी 91 पदों पर भर्ती

## सेवायोजन पोर्टल से करें आवेदन

## युवाओं के लिए मैकेनिकल, वेल्डिंग और फैब्रिकेशन ट्रेड में रोजगार के अवसर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बेरोजगार युवाओं के लिए सऊदी अरब में रोजगार का अवसर मिलेगा। विभिन्न तकनीकी ट्रेडों में 91 पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कर आवेदन कर सकते हैं।

बिजनौर सहायक सेवायोजन अधिकारी पंकज चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि भर्ती पक्रिया सेवायोजन विभाग के पोर्टल Rojgaar Sangam Portal के माध्यम से की जाएगी। पोर्टल पर पंजीकरण शुरू हो चुका है। मैकेनिकल टेक्नीशियन के आठ पदों के लिए आयु 26 से 42 वर्ष तथा सात से 15 वर्ष का अनुभव जरूरी है। चयनित अभ्यर्थियों को 60,465 रुपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा। फैब्रिकेशन फोरमैन के पांच पदों के लिए आयु 30 से 48 वर्ष और आठ से 15 वर्ष का अनुभव मांगा गया है। इनका वेतन 58,650 रुपये प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। मैकेनिकल फिटर के 15 पदों के लिए आयु सीमा 26 से 42 वर्ष और पांच से 15 वर्ष का अनुभव आवश्यक है। वेतन 58,422 रुपये प्रतिमाह मिलेगा। स्ट्रक्चरल फैब्रिकेटर के आठ पदों के लिए आयु 24 से 35 वर्ष, अनुभव आठ से 17 वर्ष और वेतन 42,191 रुपये प्रतिमाह तय किया गया है। फैब्रिकेशन सुपरवाइजर के पांच पदों के लिए 30 से 48 वर्ष आयु और आठ से 15 वर्ष का अनुभव अनिवार्य है। चयनित अभ्यर्थियों को 99,188 रुपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा। मैकेनिकल हेल्पर के 20 पदों के लिए 25 से 35 वर्ष आयु, छह से 15 वर्ष का अनुभव और 29,773 रुपये प्रतिमाह वेतन निर्धारित है। सीएस वेल्डर्स के 15 पदों के लिए आयु 24 से 35 वर्ष, अनुभव आठ से 15 वर्ष और वेतन 62,408 रुपये प्रतिमाह रखा गया है। पाइप फैब्रिकेटर के 15 पदों के लिए आयु 24 से 35 वर्ष और वेतन 43,962 रुपये प्रतिमाह मिलेगा।



पंकज चौधरी

### यह रहेगी चयन प्रक्रिया

**विदेश में रोजगार के लिए चयन प्रक्रिया कई चरणों में पूरी होगी। सबसे पहले प्री-स्क्रीनिंग होगी, जिसमें चयनित अभ्यर्थियों का कौशल परीक्षण ( आरपीएल ) कराया जाएगा। परीक्षण में सफल अभ्यर्थियों का पुलिस वेरिफिकेशन और मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार प्री-स्क्रीनिंग और आरपीएल केवल चयन प्रक्रिया का हिस्सा है। अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों के पासपोर्ट और विदेश भेजने की प्रक्रिया एनएसडीसी और आरए संस्था द्वारा पूरी की जाएगी।**

# माटीकला पुरस्कार योजना के लिये आवेदन 31 मई तक

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड, लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में माटीकला पुरस्कार योजना अन्तर्गत मण्डल स्तरीय पुरस्कार के लिये लाभार्थियों का चयन किया जायेगा। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि सर्म्बधित कामगारों, शिल्पियों, मूर्तिकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से माटीकला बोर्ड के माध्यम से पुरस्कार योजना संचालित है। इस योजना के अन्तर्गत माटीकला कारीगरों को आंकड़ा संग्रहण/ चिन्हीकरण के अन्तर्गत माटीकला बोर्ड में सूचीबद्ध होना आवश्यक है। माटीकला के कारीगरों को मण्डलस्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार हेतु क्रमश: 15000, 12000 एवं 10000 रुपये व प्रशस्ति-पत्र दिये जाने का प्राविधान है। आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम न हो तथा प्रदर्शित किया जा रहा मॉडल (उत्पाद) प्रतिभागी द्वारा स्वयं बनाया गया हो। माटीकला से जुड़े इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेवसाईट https://upmatikalaboard.in/ पर विकल्प में वर्णित माटीकला पुरस्कार योजना बिन्दु पर जाकर 31 मई तक आवेदन कर सकते हैं।

# अपने धर्म से विमुख हो रहा है जैन समाज-विव्रत सागर

**किरतपुर ( चिंगारी )।** जैन साधु का भ्रमण न होने के कारण जैन समाज अपने धर्म से विमुख होता जा रहा है। अज्ञानता के कारण अपने धर्म को छोड़कर अन्य धर्मों की तरफ़ जा रहा है, ऐसे समय में जैन साधुओं का कर्तव्य बनता है कि जैन धर्म को जीवित रखने के लिए छोटे शहरों व कस्बों में भ्रमण करते रहें और समाज में व्याप्त हुए भय व अज्ञानता को दूर कर समाज को सन्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करें।

उक्त विचार मुनि श्री108 विव्रत सागर ने श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते हुए प्रकट किये। मुनि श्री ने जैन धर्म में प्रचलित विभिन्न पंथों के विषय में बताते हुए कहा कि सभी पंथ विभिन्न विद्वानों द्वारा स्थापित किए गए हैं। जैन आगम में सच्चे देव शास्त्र गुरू के बताए मार्ग पर चलना ही सच्चा धर्म है। जैन आगम में जिनेन्द्र देव की वाणी एवं श्रावक का उल्लेख है। विभिन्न पंथों का जैन आगम में उल्लेख नहीं है, हमें पंथों के चक्कर में न पड़कर जिनेन्द्र देव के बताए गए मार्ग पर चलकर अपना जीवन व्यतीत करना चाहिए।



धर्म सभा में अनिल जैन, संजय जैन, प्रदीप जैन, यलेंद्र जैन, अरविंद जैन, निश्चल जैन, दीपक जैन, अरिहंत जैन, प्रदीप जैन, संजय जैन, आशीष जैन, अशोक जैन, शोभित जैन, अविनाश जैन, हनी जैन, सविता जैन, स्नेह लता जैन,मंजू जैन, बबीता जैन, शालिनी जैन, शैली जैन, आभा जैन, रजनी जैन, कुमकुम जैन, सीमा जैन, सरिता जैन, अंजलि जैन सहित अनेक धर्म प्रेमी ने मुनि श्री के ज्ञान का लाभ प्राप्त किया।

# बिजली का तार टूटकर गिरने से दो गायों व एक बछड़े की मौत




हाई वोल्टेज तार की चपेट में आये गौवंश।

## ग्राम खासपुरा में बड़ा हादसा

**खासपुरा ( चिंगारी )।** हल्दौर थाना क्षेत्र ग्राम खासपुरा में मंगलवार शाम करीब छः बजे एक बड़ा हादसा हो गया। 11 हजार वोल्ट बिजली का तार अचानक टूटकर गिर पड़ा, जिसकी चपेट में आने से एक किसान की दो गाय, और एक बछड़े की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई तथा ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति भारी रोष देखने को मिला। जानकारी के अनुसार नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव चेहरा निवासी अरुण शर्मा इन दिनों मुरादाबाद-बिजनौर हाईवे स्थित गांव खासपुरा में किराए के मकान में परिवार सहित रह रहे हैं। मंगलवार शाम करीब छह बजे उनके पशु घर के बाहर बंधे हुए थे। इसी दौरान अचानक ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन टूटकर पशुओं पर आ गिरी। करंट की चपेट में आने से दो गायों और एक बछड़े की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण, गौरक्षक दल, किसान नेता मौके पर एकत्र हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों में नाराजगी है और बिजली विभाग की लापरवाही पर सवाल उठाए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने तत्काल पैजानिया बिजलीघर पहुंचकर विद्युत आपूर्ति बंद कराई तथा अधिकारियों को मामले से अवगत कराया। सूचना पर पैजानिया पुलिस चौकी प्रभारी कमलेश यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। चांदपुर तहसील से पहुंचे लेखपाल मुकेश चौहान ने कहा कि पोस्टमार्टम करने के बाद तहसील से मुआवजा पीड़ित परिवार को दिया जाएगा। पैजनिया बिजलीघर पर तैनात (जेई) जूनियर इंजीनियर मनोज कुमार ने पीड़ित परिवार के प्रति सहानुभूति दिखाते हुए तीस हजार रुपये अपनी तरफ मदद की तोर पर दिये। एसडीओ ने पीड़ित परिवार को विभागीय नियमों के अनुसार उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए। मौके पर भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह, देवेंद्र सिंह,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मुनेश, समरपाल सिंह, विजयपाल सिंह, गेंदा पहलवान, नरेश, गौरक्षक प्रदेश उपाध्यक्ष स्वाति तोमर, जिला महासचिव सुशील कुमार, हर्ष वर्मा, प्रशांत तोमर, नागेंद्र राजपूत, हिमांशु चौधरी, नीरज चौधरी, हरविंदर सिंह लड्डू आदि ग्रामीण घटनास्थल पर मौजूद थे।

# केक काटकर मनाया अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस



राजा का ताजपुर ( चिंगारी )। एएचएम पैरामेडिकल कॉलेज ऑफ साइंस के सेमिनार हॉल में नर्सिंग स्टूडेंट्स ने अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस गीत, संगीत के बीच सेवा, त्याग, करुणा की शपथ के साथ केक काटकर धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारम्भ डायरेक्टर इंतजार अहमद, शिक्षक कमलजीत सिंह नूर, सोफिया अंसारी ने नर्सिंग की जन्मदात्री करुणामयी मां फ्लोरेन्स नाईटएंगल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उनके महान नर्सिंग सेवा कार्यों को नमन किया गया। राष्ट्रगान उपरांत नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने कैंडिल हाथ में लेकर सेवा, दया, करुणा, परोपकार की शपथ ग्रहण की। नर्सिंग शिक्षक निकिता सिंह ने शपथ ग्रहण कराई। छात्रा युक्ति, शिवानी, यशी, इकरा, रोशनी, मीनाक्षी, दीपशिखा, चांदनी आदि ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, नर्सिंग सोंग आदि प्रस्तुत किये। प्राचार्य इंतकाब अहमद, परवेज आलम, अवधेश कुमार, विशाल कुमार ने नर्स दिवस व फ्लोरेन्स नाईटएंगल के नर्सिंग जीवन पर प्रकाश डालते हुए नर्सिंग स्टूडेंट्स से कहा कि नर्सिंग मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। पढ़-लिखकर सेवाभाव के साथ जॉब करें। कार्यक्रम में जैद अंसारी, वैष्णवी, सलोनी, संध्या आदि मौजूद रहे। संचालन छात्रा लायबा ने किया।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नाम खुला पत्र

**माननीय मुख्यमंत्री जी,**

भारत एक कृषि प्रधान देश है, किसानों के सर्वाधिक वाद खेतों की मेड़ से सम्बन्धित हैं। खेतों की स्थिति सिहद्दा पत्थरों पर निर्भर करती है। आज के डिजिटल एवं टेक्नोलॉजी के जमाने में सिहद्दा पत्थरों की जीओ टैगिंग से उनकी स्थिति की प्रमाणिकता शत-प्रतिशत शुद्ध होगी। सिहद्दा पत्थरों की जीओ टैगिंग से खेतों की बाउंड्री के अक्षांश और देशांतर ज्ञात करके सही माप-पूरी शुद्धता और पारदर्शिता से कम समय में की जा सकती है। सिहद्दा पत्थरों की जीओ टैगिंग से किसानों की मेड़ के वाद कम होंगे, जिससे राजस्व न्यायालय का बोझ कम होगा।

अत: किसानों के हित में आपसे अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश के प्रत्येक राजस्व गांव के सिहद्दा पत्थरों की जीओ टैगिंग प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक रूप से करायी जाए।

-सत्यवीर सिंह
ग्राम सुआवाला, जनपद बिजनौर


बिजनौर में खुल गया है

ATHER ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह

एथर का शोरूम

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# चलन से बाहर हो गया पान जो कभी होता था लबों की शान

-अतीक अली जैदी

बढ़ापुर ( चिंगारी )। 'पान खाए सैंया हमार' या फिर 'खई के पान बनारस वाला' यह गाने तो हम सबने सुने होंगे। पुराने फिल्मी गानों में पान का जिक्र इसलिए होता था, तब पान खाना शान शौकत का प्रतीक माना जाता था। भले ही वर्तमान में पान खाने की शौकीन लोगों की संख्या नाम मात्र की रह गई है, परंतु एक जमाना था जब प्रत्येक घर में पान खाने का रिवाज था। वैसे तो पान खाने का कोई इतिहास नहीं मिलता, लेकिन ऐसा माना जाता है कि देवताओं और दैत्य द्वारा समुद्र मंथन के समय जहां अनेक रत्न निकले थे, वहीं से पान की बेल भी निकली थी, अगर धार्मिक महत्व की बात की जाए तो कलश पूजा में पान का पत्ता रखना शुभ माना जाता है। दूसरे बजरंगबली को प्रसन्न करने के लिए मीठा पान चढ़ाया जाता है। ऐसा माना जाता है जब पान खाने का प्रचलन अपने उरूज पर पहुंचा, तब रानी-महारानियों ने इसे अपने सौंदर्य को निखारने का एक साधन बना लिया था। उस दौर में लिपस्टिक का आविष्कार तो हुआ नहीं था, होंठों को लाल करने के लिए पान का प्रयोग



किया जाने लगा था। महारानी नूरजहां पान से अपने होंठों को रचा-रचाकर महिलाओं के मध्य पान को खूब प्रचारित किया था।

एक समय तो ऐसा भी आया जब घर से बाहर जाना होता था तो पान के बीड़े डिब्बी में भरकर अपनी जेब में जरूर ले जाते थे। सन् 1980 के दशक से पहले पान की महत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शादी-ब्याह समारोह तथा अन्य शुभ अवसरों पर जिस प्रकार घर में तमाम खाने-पीने की चीजों की खरीदारी महीनों-हफ्तों पहले की जाती थी, ठीक उसी प्रकार पान और छाली का प्रबंध भी करके रखा जाता था और दो-तीन ढोली खरीदकर रखे जाते थे। उस समय 200 पान के एक बंडल को ढोली कहा जाता है। अमूमन पान विक्रेता पचासा की आवाज लगाकर पान बेचते थे। लड़की को दान दहेज में दिए जाने वाले अनेक बर्तनों के अलावा पानदान का स्रोत आदि भी दहेज में दिया जाता था, परंतु जैसे-जैसे पान खाने का प्रचलन कम होता गया, दहेज के बर्तनों में से यह पानदान व उगाल दान, पीक दान भी गायब हो गए।

## मसाले और गुटखे ने पान को बाहर किया

**पान मसाला तथा गटखों के बढ़ते सेवन ने पान को तकरीबन बाहर कर दिया है। उस दौर में रेलवे स्टेशनों, बस स्टेशनों व बाजारों तथा छोटे-छोटे कस्बों के चौराहों व गांवों तक में भी पान की दुकान हुआ करती थीं, परंतु अब पान खाने वाले लोगों की संख्या नाम मात्र की रह जाने से पान की दुकान बंद हो गई हैं।**

## औषधि के रूप में भी प्रयोग होता था

पानदान का आकार आयताकार, वर्गाकार, गोल आदि प्रकार का होता था जिसके अंदर छोटे-छोटे कई खाने होते थे जिन खानों में डिबिया फिट होती थी जिनके अंदर कत्था, चूना, छाली,तंबाकू वगैरा भरकर रखा जाता था। मुस्लिम घरों में तो प्रत्येक घर में पान खाने का प्रचलन था। आयुर्वेद में पान को औषधि के रूप में प्रयोग किया जाता था। इस दृष्टि से पान के औषधि गुण भी अनेक हैं ऐसा माना जाता है दांत-मसूड़े को पान का सेवन मजबूत बनाता है। पाचन तंत्र को भी सुचारू बनता है। एंटी एंटीएक्सीडेंट डायबिटीज को नियंत्रित करता है।



## मंजू जौहरी को मातृ दिवस पर सम्मानित किया

नजीबाबाद ( चिंगारी )। मेरी कलम साहित्य सेवा संस्थान नजीबाबाद के तत्वावधान में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन डॉ. मंजू जौहरी मधुर की अध्यक्षता में कविता नामदेव के आवास बसंती माता पर आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती बिंदु सर्राफ, सुबोध महेंद्रा, मंजू जौहरी ने दीप प्रज्वलित करके किया। मां शारदे की वंदना फूलमाला वर्मा ने तथा संचालन डॉ. मंजू जौहरी ने किया। डॉ. मंजू जौहरी मधुर, बिंदु सर्राफ, अनीता अनंत, कविता नामदेव, फूलमाला वर्मा, सुमन वर्मा, सुबोध महेंद्रा, लता वर्मा ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम के अंत में सभी बहिनों ने संस्था की अध्यक्षा डॉ. मंजू जौहरी मधुर को मातृदिवस के उपलक्ष्य में अंग वस्त्र व उपहार प्रदान करके सम्मानित किया। उन्होंने इसके लिए मेरी कलम साहित्य सेवा संस्थान का आभार व्यक्त किया कि जिसके माध्यम से उनकी रचनाओं की खुश्बू पूरे देश में फैल रही है।

## शिविर में 30 ने किया रक्तदान

नांगल सोती ( चिंगारी )। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में एसकेएस लेबोरेट्रीज एंड ब्लड सेंटर बिजनौर के द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 30 व्यक्तियों ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के मंडल अध्यक्ष डा. भूपेंद्र सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधानाचार्य रामपाल सिंह भाटी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है, जो दिल की सेहत के लिये काफी फायदेमंद है। कई बार मरीज के शरीर में खून की मात्रा काफी कम हो जाती है और उसे ब्लड चढ़ाने की आवश्यकता पड़ती है, ऐसी इमरजेंसी के लिये स्वस्थ लोगों को रक्तदान करने के लिये आगे आना चाहिये। डा. हरीश कुमार, ओमकार आजाद, प्रवेश राजपूत, कपिल राजपूत, टीकम सिंह, रंजीत राजपूत, शिवा, मोहित, ओमपाल सिंह, हिमांशु, अवनीत कुमार, देशराज चौधरी, संदीप चौधरी आदि ने रक्तदान किया।




आपका सपना हम करायेंगे पूरा
देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
Since 2010
M.B.B.S.
BDS, BAMS, BUMS, BHMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD: MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, OPPOSITE TIRANGA ENTERPRISES, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)

# सफलता के लिए अनुशासन नितांत आवश्यक

मनुष्य के जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। अनुशासन वह शक्ति है जो व्यक्ति को सही मार्ग पर चलना सिखाती है और उसके जीवन को व्यवस्थित बनाती है। बिना अनुशासन के ज्ञान, प्रतिभा और परिश्रम भी अधूरे रह जाते हैं। यही कारण है कि कहा जाता है— सफलता के लिए अनुशासन नितांत आवश्यक है।



अनुशासन का अर्थ केवल नियमों का पालन करना ही नहीं, बल्कि समय का सदुपयोग करना, अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदार रहना तथा जीवन में संयम बनाए रखना भी है। विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का विशेष महत्व होता है, जो विद्यार्थी नियमित रूप से अध्ययन करते हैं, समय पर विद्यालय जाते हैं और अपने शिक्षकों का सम्मान करते हैं, वे निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करते हैं। इसके विपरीत अनुशासनहीन विद्यार्थी अपने लक्ष्य से भटक जाते हैं।

## जीवन के हर क्षेत्र में अनुशासन जरूरी

केवल शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि खेल, व्यापार, सेना, राजनीति तथा पारिवारिक जीवन में भी अनुशासन आवश्यक है। एक खिलाड़ी नियमित अभ्यास और नियमों के पालन से ही श्रेष्ठ बनता है। सेना की शक्ति भी अनुशासन पर आधारित होती है। परिवार में अनुशासन होने से प्रेम, सम्मान और शांति बनी रहती है।



## प्रकृति भी हमें अनुशासन सिखाती है

प्रकृति भी हमें अनुशासन का पाठ पढ़ाती है। सूर्य प्रतिदिन निश्चित समय पर उदय और अस्त होता है, ऋतुएं अपने समय पर आती हैं तथा पृथ्वी निरंतर अपनी गति से घूमती रहती है। यदि प्रकृति में अनुशासन न हो, तो संसार का संतुलन बिगड़ जाए। अत: स्पष्ट है कि अनुशासन सफलता की कुंजी है। यह मनुष्य के व्यक्तित्व को निखारता है और उसे जीवन में ऊंचाइयों तक पहुंचने योग्य बनाता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अनुशासन अपनाना चाहिए।

-इशरत जमाल आरिफ
प्रधानाचार्य
एमएम इंटर कॉलेज
चांदपुर ( बिजनौर )

# ओवरहेड टैंक परिसर से भारी मात्रा में प्रतिबंधित लकड़ी बरामद

## वन विभाग के उड़न दस्ते की कार्रवाई से लकड़ी कारोबारियों में मची खलबली

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )। वन विभाग के उड़न दस्ते ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए गांव रसूलपुर आबाद स्थित नव निर्मित ओवरहेड टैंक के बोरिंग परिसर से लगभग 100 कुंतल प्रतिबंधित व बेशकीमती जंगल की लकड़ी बरामद कर कब्जे में ले ली। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध लकड़ी कारोबारियों में हड़कंप मच गया।**

जानकारी के अनुसार मुरादाबाद से पहुंची वन विभाग की उड़न दस्ता टीम ने गांव रसूलपुर आबाद में छापेमारी की। इस दौरान बोरिंग परिसर में खैर, शीशम, सागौन तथा कुकाट समेत विभिन्न प्रजातियों की लकड़ियों का बड़ा जखीरा मिला। वन विभाग कर्मियों ने बरामद लकड़ियों को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरवाकर अपने कब्जे में ले लिया।

बताया जा रहा है कि चार दिन पूर्व जिला अधिकारी जसजीत कौर ने क्षेत्र में निर्माणाधीन ओवरहेड टैंकों व उनसे संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को ओवरहेड टैंक और बोरिंग स्थलों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए गए थे। इसके बावजूद संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा परिसर में जमा लकड़ियों को हटाने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई।

इस संबंध में वन दरोगा सत्यवीर ने बताया कि बरामद लकड़ियों को कब्जे में ले लिया गया है तथा मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। उधर, सूत्रों का कहना है कि क्षेत्र में वन विभाग के कुछ उच्च अधिकारियों की मिलीभगत से रातों-रात शीशम, सागौन समेत अन्य कीमती पेड़ों का कटान कर लकड़ी दूसरे शहरों में भेज दी जाती है। आरोप है कि मामला खुलने पर केवल जुर्माना लगाकर प्रकरण को रफा-दफा कर दिया जाता है, जिससे लकड़ी माफियाओं के हौसले लगातार बुलंद हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि ईमानदारी से कार्रवाई की जाए तो सरकारी पेड़ों के अवैध कटान पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है।

**ग्रामीणों के अनुसार बोरिंग परिसर में प्रतिबंधित लकड़ियों के लट्ठे ग्राम प्रधान के घर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर खुलेआम पड़े हुए थे। हालांकि ग्राम प्रधान पति ने पूरे मामले से अनभिज्ञता जताई है।**





### 100 से अधिक बाइकों से लायी जाती हैं लकड़ी

**ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में प्रतिदिन सौ से अधिक बाइकों के माध्यम से जंगलों से अवैध रूप से कीमती लकड़ी काटकर लाई जाती है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इससे अनजान बने हुए हैं। कुछ ग्रामीणों ने पुलिस व वन विभाग के निजी कर्मियों पर मिलीभगत के आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में दिन-रात अवैध कटान का कार्य जारी रहता है।**

## आवारा पशु से टकराकर बाइक सवार की मौत

**बरूकी/बिजनौर ( चिंगारी )।** मंगलवार की देर शाम ग्राम बरूकी स्थित भट्टे के पास आवारा पशु से टकराकर बाइक सवार एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।



मृतक का फाइल फोटो

मिली जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बैबलपुर निवासी प्रेम (50 वर्ष) पुत्र रोहतास फेरी लगाकर सामान बेचने का कार्य करता था। मंगलवार की शाम वह कोतवाली देहात क्षेत्र से फेरी लगाकर बाइक से अपने घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह ग्राम बरूकी में भट्टे के पास पहुंचा, तभी अचानक सामने एक निराश्रित पशु आ गया। पशु से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई, जिससे प्रेम गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल को एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अपने पीछे पत्नी व चार बच्चों को छोड़ गया है। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है।

## लीना सिंघल ने किया क्षेत्र भ्रमण



जनसंपर्क के दौरान महिलाओं के साथ भाजपा नेत्री लीना सिंघल

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** भाजपा की पूर्व क्षेत्रीय मंत्री और धामपुर नगर पालिका परिषद की पूर्व चेयरपर्सन लीना सिंघल ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर जनता से सम्पर्क किया। उन्होंने गदाइका, चंदोक, सुंगरपुर बेहड़ा और गौसपुर में जनसंपर्क कर जनता को भाजपा की नीतियों तथा केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जनहित की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होने जनता की समस्याओं को भी सुना और उनका समाधान कराने का आश्वासन दिया। सत्यपाल सिंह, दिनेश कुमार, मंडल संयोजक वरुण कश्यप, ग्राम प्रधान अनीता सैनी, पूर्व प्रधान राजेश कुमार, बूथ अध्यक्ष खिलेन्द्र सिंह , शिव कुमार जोशी, कोमल हल्दिया , कपिल चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## किन्नरों द्वारा जबरन वसूली के विरोध में नगरवासियों ने बनाई समाज सुधार कमेटी, कड़ा रुख अपनाने का ऐलान



**झालू ( चिंगारी )। नगरवासियों द्वारा कथित किन्नरों की जबरन अवैध वसूली के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को और तेज करते हुए अब एक समिति का गठन किया गया है। यह समिति आम नागरिकों से की जा रही कथित जबरन वसूली का विरोध करने के साथ-साथ इससे पीड़ित लोगों की मदद भी करेगी।**

मंगलवार शाम ज्ञानेश्वर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित प्रेस वार्ता में स्पष्ट रूप से कहा गया कि नगर व आसपास के क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की जबरन वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रेस वार्ता में ज्ञानेश्वर सिंह ने आरोप लगाया कि कथित किन्नरों द्वारा जबरन वसूली की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में कुछ लोग एक पटाखा फैक्ट्री में पहुंचकर धनराशि की मांग करने लगे और फैक्ट्री मालिक की कुर्सी पर जाकर बैठ गए।

इस दौरान झालू एवं ग्रामीण समाज सुधार कमेटी, जिला बिजनौर का गठन किया गया, जिसमें भविष्य की रणनीति पर भी चर्चा कर सहमति बनाई गई। कमेटी में कार्यकारिणी संयोजक मास्टर विजय कुमार शर्मा, अध्यक्ष ज्ञानेश्वर सिंह, उपाध्यक्ष रिजवान कुरैशी, महामंत्री नरेश कुमार शर्मा, मंत्री सुरेंद्र सिंह बल्दिया, प्रचार मंत्री कामेन्द्र सिंह उर्फ टीटू को जिम्मेदारी सौंपी गई।

वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दिनेश कुमार उर्फ दीपू एडवोकेट, नरेन्द्र सिंह मुकरंदपुर, शकील अहमद, करतार सिंह एडवोकेट, साजन कुमार एडवोकेट, इसरार कुरैशी, पवन कुमार धर्मपुरा, संजय कुमार अग्रवाल उर्फ टीटू, चंद्रशेखर बल्दिया, वीर सिंह उर्फ बिट्टू, निपेंद्र सिंह उर्फ नीटू, मुकेश कुमार वर्मा, अरुण कुमार चौधरी बाकरपुर, महेन्द्र सिंह धीमान, मुख्तियार सिंह त्रिलोकपुर समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की

**जलीलपुर( चिंगारी )।** ग्राम बेरखेड़ा निवासी मलकीत सिंह जिनका ब्लड ग्रुप, नेगेटिव है, ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए 26 वर्षीय महिला मोनिका को रक्तदान किया। मोनिका शांति रोग हेल्थ केयर हॉस्पिटल ब्लॉक जलीलपुर में भर्ती थीं, जहां उनकी ब्लड यूनिट केवल 4 रह गई थी। ब्लॉक निवासी शानू अग्रवाल के पास महिला के परिजनों ने ब्लड की आवश्यकता होना बताया तो शानू अग्रवाल ने अपने दोस्त मलकीत भाई को कॉल कर मदद के लिए बुलाया। मलकीत सिंह ने अपना कीमती समय निकालकर चांदपुर स्थित एके ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया और जरूरतमंद महिला की सहायता की। मलकीत सिंह का यह कार्य बेहद सराहनीय और प्रेरणादायक है। ऐसे लोग समाज में मानवता और सेवा की मिसाल कायम करते हैं।



# बाढ़ सुरक्षा कार्यों में पाई गई लापरवाही, तो होगी कार्रवाई : डीएम

## मध्य गंगा बैराज के अफलक्स बांध का निरीक्षण किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मंगलवार अपराह्न 4:30 बजे मध्य गंगा बैराज के बाएं अफलक्स बांध पर चल रहे बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया।

सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने जिलाधिकारी को बताया कि बांध निर्माण में एंटी कंक्रीट ब्लॉकों का उपयोग किया जा रहा है, जो कटाव रोकने में प्रभावी साबित होते हैं। अधिकारियों के अनुसार बाएं अफलक्स बांध के किलोमीटर 4.000 से 4.350 के मध्य कटाव निरोधक निर्माण कार्य लगभग पूर्ण कर लिए गए हैं।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने निर्देश दिये कि निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता की जांच वरिष्ठ अधिकारी स्वयं सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि बाढ़ नियंत्रण और जनसुरक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सभी संबंधित विभाग निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करें, ताकि आगामी वर्षा ऋतु में जनहानि अथवा संपत्ति के नुकसान की संभावना न रहे।

डीएम ने संवेदनशील एवं कटान संभावित क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने तथा निरंतर निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ तैयारियां पूर्ण रखें। निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग, वन विभाग, एनएचएआई सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## चार उपनिरीक्षकों के तबादले

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने चार उपनिरीक्षकों का तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण कर दिया है।



उपनिरीक्षक मुकेश बाबू राजौरा को थाना शिवाला कला से प्रभारी चौकी जाफराबाद, नजीबाबाद भेजा गया है। उपनिरीक्षक अमूल मिश्रा को चौकी दौलतपुर, नूरपुर से प्रभारी चौकी स्वामी अवधेशानंद, मंडावली नियुक्त किया गया है। वहीं उपनिरीक्षक मनवीर सिंह को पुलिस लाइन से चौकी दौलतपुर, नूरपुर तथा उपनिरीक्षक गजराज सिंह को पुलिस लाइन से प्रभारी चौकी बास्टा, चांदपुर भेजा गया है।

# एक दिन की डीएम बनी दृष्टि चौहान सर्वोदय संस्था ने किया सम्मान



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** इस बार यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में जिला टॉपर रही राखी मेमोरियल इंटर कॉलेज आसफाबाद चमन की छात्रा मानियावाला निवासी सृष्टि चौहान को डीएम बिजनौर श्रीमती जसजीत कौर द्वारा मंगलवार को एक दिन के लिए सांकेतिक जिलाधिकारी बनाये जाने पर कॉलेज प्रांगण में उसका माल्यार्पण कर उसे सम्मान सहित बिजनौर के लिए रवाना किया गया। सर्वोदय समाज सेवा संस्था सीरवासुचन्द एवं कॉलेज परिवार की ओर से सृष्टि चौहान व उसके माता-पिता का पुष्प मालाओं से स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में सर्वोदय समाज सेवा संस्था के अध्यक्ष तेजपाल सिंह तथा संरक्षक ठाकुर रामवीर सिंह सहित विद्यालय परिवार की ओर से संजय सिंह, देशराज सिंह, वीर सिंह, प्रधानाचार्या संध्या शर्मा, देवेश कुमार, संगीता आदि शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं शिक्षा प्रेमी मौजूद रहे।

# अमर सिंह चुने गये ब्लॉक अध्यक्ष

## धर्मेन्द्र सिंह महामंत्री, विक्रम कोषाध्यक्ष निर्वाचित



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** उ.प्र.पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की अफजलगढ़ ब्लॉक कार्यकारिणी के द्विवार्षिक चुनाव में अमर सिंह अध्यक्ष, धर्मेंद्र सिंह महामंत्री एवं विक्रम सिंह कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। 4 मई को अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, संगठन मंत्री व सम्प्रेषक पद पर नामांकन हुआ था, जिसमें संगठन मंत्री पद पर दिलशाद अहमद व सम्प्रेषक पद पर अशोक कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए थे, जबकि बाकी तीन पदों के लिए सोमवार को मतदान हुआ। अमर सिंह 13 वोटों से अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए, जिन्होंने शिवराज सिंह को पराजित किया, जबकि महामंत्री पद पर धर्मेंद्र सिंह ने 65 मत प्राप्त किए, जिन्होंने दिनेश कुमार शास्त्री को 6 वोटों से हराया। कोषाध्यक्ष पद पर विक्रम सिंह को 108 मत मिले। विक्रम सिंह ने वीरेंद्र सिंह को 53 वोटों से पराजित किया। सफाई कर्मचारियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष अमर सिंह ने सफाई कर्मचारियों के हितार्थ कार्य करने का संकल्प दोहराया।

# एक-दूसरे के पति से अवैध संबंध बताकर आपस में भिड़ गई महिलाएं

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** मंगलवार को एक बड़ा अजीबो-गरीब मामला सामने आया। नैतिकता को झकझोर देने वाला यह मामला थाना रेहड़ क्षेत्र के एक गांव की दो पड़ोसी महिलाओं के बीच घटित हुआ। दोनों महिलाओं के घर ठीक आमने-सामने हैं। दोनों महिलाएं मंगलवार को अपने-अपने पति से अवैध संबंध होने का एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए आपस में भिड़ गई। मामला अलग-अलग संप्रदाय का होने के कारण तूल पकड़ रहा था, मगर गांव के कुछ जिम्मेदार लोगों ने मामला रफा-दफा करा दिया। एक महिला का दूसरी महिला पर आरोप था कि उसके पति से उसके अवैध संबंध हैं, जबकि दूसरी महिला ने भी अपने पति से उस महिला के नाजायज ताल्लुक होने का इल्जाम लगाया और दोनों में जूतम पेजार हो गई। कुछ ग्रामीणों की मध्यस्थता में दोनों पक्षों के बीच इस बात को लेकर समझौता हुआ कि अब दोनों महिलाएं और उनके पति एक-दूसरे के घर से कोई संबंध वास्ता नहीं रखेंगे। और यदि भविष्य में किसी का किसी से संबंध का सुबूत मिला तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही कराई जाएगी। मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

# कौशल विकास मिशन में अवैध वसूली के आरोपों की जांच शुरू

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, बिजनौर में अवैध धनराशि की मांग और उत्पीड़न के आरोपों को लेकर प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने बताया कि इस संबंध में 8 मई 2026 को लोकेन्द्र कुमार द्वारा एक शिकायती-पत्र प्रस्तुत किया गया था।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि वह उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, बिजनौर में कार्यरत है और मिशन में तैनात एमआईएस मैनेजर रोहिताश पाण्डेय तथा मारकण्डेय चौरसिया द्वारा मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला समन्वयक, कौशल विकास मिशन के नाम पर अवैध धनराशि की मांग और वसूली की जा रही है। साथ ही उत्पीड़न के भी आरोप लगाए गए हैं। सीडीओ रणविजय सिंह ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया और मीडिया में प्रसारित संबंधित वीडियो लगभग तीन वर्ष पुराना बताया जा रहा है। बावजूद इसके मामले की गंभीरता को देखते हुए निष्पक्ष जांच के लिए त्रिस्तरीय समिति गठित की गई है। समिति में परियोजना निदेशक डीआरडीए, प्रधानाचार्य पॉलीटेक्निक तथा सहायक आयुक्त एवं जिला सहायक निबंधक सहकारिता, बिजनौर को शामिल किया गया है।

# तीन दिन से अपनों का इंतजार कर रहा मोर्चरी में रखा शव

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शहर की कांशीराम कॉलोनी से मानव संवेदनाओं को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। कैंसर से जूझ रहे एक व्यक्ति की मौत के बाद उसका शव पिछले तीन दिनों से जिला अस्पताल की मोर्चरी में अपनों के इंतजार में रखा है।

स्थानीय कांशीराम कॉलोनी रामलीला निवासी सुरेश लंबे समय से कैंसर से पीड़ित था। वह फ्लैट में अकेले जीवन बिता रहा था। रविवार को पड़ोसियों को उसके फ्लैट से तेज दुर्गंध आने लगी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई। वहां सुरेश मृत अवस्था में पड़ा मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया, लेकिन मृतक के किसी परिजन या वारिस के सामने न आने से पोस्टमार्टम की प्रक्रिया भी अटक गई। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद परिजनों का पता लगाया, मगर इसके बावजूद किसी ने सुध नहीं ली। उधर, तीन दिनों से मोर्चरी में शव रखे होने के कारण वहां दुर्गंध फैलने लगी है। पोस्टमार्टम हाउस आने वाले लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे मामलों में प्रशासन को जल्द निर्णय लेना चाहिए। एसएसआई सुभाष राणा ने बताया कि परिजनों की जानकारी मिलने के बाद शव का पंचनामा भर दिया गया है और पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई जा रही है।

# बुझते चिराग को पुनः प्रकाशमय करने की शक्ति केवल चिकित्सक में : राज्यपाल

## एम्स ऋषिकेश में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस

राजेश शर्मा



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** राज्यपाल ले. जनरल (सेवानिवृत) गुरमीत सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स ऋषिकेश आस्था, विश्वास और जीवन रक्षा का केन्द्र है। एम्स ने राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच आसान की है और यह संस्थान चिकित्सा सेवा के माध्यम से केवल चिकित्सा विज्ञान ही नहीं अपितु स्वास्थ्य के क्षेत्र में साधना को भी मजबूत कर रहा है। राज्यपाल एम्स, ऋषिकेश के मुख्य सभागार में आयोजित 'ट्रांसफोर्मिंग लाइव्स थ्रो एडवांस ट्रॉमा केयर, आर्गन डोनेशन एण्ड नर्सिंग एक्सलेंस' कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि बुझते चिराग को फिर से प्रकाशमय करने की शक्ति केवल चिकित्सकों में ही होती है। ऐसे में हमें संकल्प लेने की आवश्यकता है, कि कोई भी व्यक्ति चिकित्सा सुविधा से वंचित न रहे। नर्सिंग पेशे को सर्वोच्च सम्मानित पेशा बताते हुए कहा कि नर्स में ममत्व की भावना होती है और वह भावनात्मक रूप से प्रत्येक रोगी की स्वास्थ्य देखभाल करना अपना पहला कर्तव्य समझती है।

## राज्यपाल ने अंगदाताओं के परिजनों को किया सम्मानित

**ऋषिकेश ( चिंगारी )। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने एम्स, ऋषिकेश में अंगदान करने वाले 3 डिसीज्ड ऑर्गन डोनर और 12 लाइव ऑर्गन डोनरों के परिजनों को मंच से सम्मानित किया। इनमें डिसीज्ड ऑर्गन डोनर सचिन, रघु पासवान और श्रीमति निधि के परिजनों सहित किडनी और लीवर सहित शरीर के अन्य अंगों का दान कर चुके लोगों के परिजन भी शामिल रहे। इस अवसर पर राज्यपाल ने अंगदान को मानवता का सबसे बड़ा दान बताया और कहा कि अंगदान के प्रति जागरूकता का अभियान रूकना नहीं चाहिए। कहा कि अंगदान करने वाला व्यक्ति मरकर भी मानवता में बसकर अमर हो जाता है।**

इससे पूर्व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह ने जर्नी ऑफ ऑर्गन ट्रांसप्लांट, ट्रॉमा टेलीमेडिसिन, नर्सिंग प्रोफेशनल सहित संस्थान की विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि चारधाम यात्रियों की स्वास्थ्य समस्याओं को देखते हुए चिकित्सकों को विशेष तौर से प्रशिक्षित किया गया है। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि बीनू शर्मा, प्रो. बी. सत्या श्री, प्रो. कमर आजम, डॉ. मधुर उनियाल, प्रो. बी.के बस्तिया आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान ले. कर्नल गोपाल मेहरा, प्रो. शैलेन्द्र हाण्डू, अनिता रानी कंसल कुसुम कंडवाल, शम्भू पासवान, स्वामी आनन्द जी महाराज आदि उपस्थित रहे।

# राज्य आंदोलनकारी सुन्दरी रावत के निधन पर रसिक महाराज ने जताया शोक



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** रायवाला उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी श्रीमती सुंदरी रावत के निधन पर नृसिंह पीठाधीश्वर एवं सनातन धर्म विकास परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष, कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त स्वामी रसिक महाराज ने गहरा शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर स्वामी रसिक महाराज ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।स्वामी रसिक महाराज ने कहा कि स्वर्गीय श्रीमती सुंदरी रावत ने उत्तराखंड राज्य आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उनका संघर्ष, समर्पण और समाज के प्रति सेवा भाव सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता और समाज उनके ऋण से सदैव ऋणी रहेगा उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस दुःख की घड़ी में पूरा समाज परिवार के साथ खड़ा है। इस दौरान स्व. सुंदरी रावत के सुपुत्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतीश रावत, मोहन सिंह रावत, प्रदीप रावत, स्वाभिमान मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य पूर्व प्रधान खांड गांव शंकरदयाल धनै आदि उपस्थित रहे।

# मच्छरदानी लगाकर सो रही महिला के कुंडल खींच कर फरार

## रात में ही मौके पर पहुंच गए थे पुलिस अधिकारी

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम भटपुरा निवासी इंद्रवती व उसके पति दिग्विजय सिंह घर से सटी हुई पशुशाला में सोए हुए थे कि देर रात्रि लगभग 12:30 बजे एक अज्ञात व्यक्ति ने इंद्रवती की मच्छरदानी को काटकर उसके कान का एक कुंडल निकाल लिया। जब वह दूसरा कुंडल खींचने का प्रयास कर रहा था तभी इंद्रवती की आंख खुल गई और उसने उस व्यक्ति का हाथ पकड़ लिया। वह व्यक्ति हाथ को छुड़ाने का प्रयास करते हुए भागने लगा मगर इंद्रवती ने उसका हाथ नहीं छोड़ा। दरवाजे के बाहर तक वह व्यक्ति इंद्रवती को हाथ छुड़ाने का प्रयास करते हुए घसीटता हुआ ले गया। इसी बीच उस व्यक्ति ने इंद्रवती के दूसरे कान के कुंडल को जैसे ही खींचा, तो इंद्रवती की चीख निकल गई और उस व्यक्ति का हाथ भी छूट गया, जिससे वह व्यक्ति भाग गया। इंद्रवती की चीख सुनकर पास में सो रहे उसके पति दिग्विजय सिंह एवं पास के घर में सो रहे अन्य परिजन जाग गए और उस व्यक्ति को इधर-उधर तलाश किया मगर उसका कोई पता नहीं चल पाया। पीड़िता इंद्रवती के पुत्र अनिल कुमार ने बताया कि तुरंत ही पुलिस को घटना की सूचना दी गई, जिसके तुरंत बाद थाना प्रभारी रेहड़ राजीव कुमार वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ आलोक कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) अमित किशोर श्रीवास्तव मौके पर पहुंच गए और घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि अनिल कुमार की तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध बीएनएस की धारा 304(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और घटना के खुलासे के प्रयास किए जा रहे हैं।

## आरिफ अलवी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री बने

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी सांगठनिक जनपद कोटद्वार के भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की जिला कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। एडवोकेट आरिफ अल्वी महामंत्री बनाये गये। मोर्चा के जिला अध्यक्ष सरदार गुरुबचनं सिंह ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल की सहमति व अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनीस गोड़ से परामर्श के बाद मो कुतुबुद्दीन व मो. आरिफ महामंत्री, स. दलजीत सिंह, डॉ. डी.के. जैन, मो. ताजुद्दीन व शालिनी सिंह को उपाध्यक्ष, शबनम सैफी, स. उपकार सिंह, स. जसबीर सिंह व मेराज खान जिला मंत्री, आशीष जैन कोषाध्यक्ष, श्रीमती आशा जैन, जिला मीडिया संयोजक, स. जगप्रीत सिंह सोशल मीडिया संयोजक व सैयद शलीम आईटी संयोजक नियुक्त किया गया है।

# सरलता और विद्वता की प्रतिमूर्ति थे विजय कुमार गोयल - तुली

**धामपुर ( चिंगारी )।** आरएसएम इंटर कॉलेज के सेवानिवृत प्रवक्ता यशपाल तुली ने धामपुर शुगर मिल के संस्थापक कुवर विजय कुमार गोयल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने भगवान से प्रार्थना कि की वह उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दे तथा सभी परिवार जनों को इस दुःख को सहन करने की क्षमता प्रदान करें।

उन्होंने कहा कि विजय गोयल ने अपनी मेहनत और दूरदर्शिता से शुगर के क्षेत्र में एक कीर्तिमान स्थापित किया, इसी कारण उन्हें 'शुगर किंग' कहा जाता है। उनकी सबसे बड़ी विशेषता उनका सरल स्वभाव था।

उन्होंने बताया कि मैं 3 वर्ष तक उनके पुत्र गौतम गोयल को शिक्षा देने के लिए धामपुर शुगर मिल स्थित उनकी कोठी पर जाया करता था। कभी-कभी उनसे भेंट होती थी, उनके पास बैठकर बातचीत होती थी परंतु कभी यह नहीं लगा कि मैं एक ऐसे व्यक्ति से बात कर रहा हूं जिसका साम्राज्य बहुत बड़ा। बहुत साधारण सी बातचीत होती थी। जब मैं उनसे पूछता कि आपने बेटे को पढ़ने के लिए इतनी दूर बाहर क्यों भेजा हुआ है तो उनका उत्तर था कि मैं हजारों युवाओं को नौकरी दे सकता हूं, लेकिन एक अभिभावक होने के नाते मैं चाहता हूं कि मेरा बेटा भी पढ़ लिखकर अच्छी डिग्री हासिल करे, वह मेरे लिए एक खुशी की बात होगी।

# चिकित्सालय में धूमधाम से मनाया गया नर्सिंग दिवस

## फ्लोरेंस नाइटेंगल के चित्र पर पुष्प अर्पित किये



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** शांति प्रपन्न शर्मा उप जिला चिकित्सालय ऋषिकेश में सभी नर्सिंग अधिकारियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। अध्यक्षता चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर आनंद सिंह राणा, डॉक्टर लोकेश सलूजा, सहायक नर्सिंग अधीक्षिका श्रीमती जाय लॉयल द्वारा संयुक्त रूप से की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया सभी नर्सिंग अधिकारियों द्वारा फ्लोरेंस नाइटेंगल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नर्सिंग दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नर्सिंग अधिकारी, उत्तराखंड नर्सिंग काउंसिल के सदस्य हरिकृष्ण बिजल्वाण द्वारा फ्लोरेंस नाइटेंगल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सभी नर्सिंग संवर्ग से सेवा समर्पण भाव से कार्य करने की अपील की गई। लक्ष्मी रावत नर्सिंग अधिकारी द्वारा सुंदर गीत की प्रस्तुति की। डॉ. आनंद सिंह राणा द्वारा नर्सिंग अधिकारियों का अस्पताल में क्या महत्व है इस पर प्रकाश डाला। डॉ. सलूजा द्वारा बताया गया कि बिना नर्सिंग की टीम के कोई भी कार्य संभव नहीं है। कार्यक्रम में वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी पूनम त्यागी, दीपिका,संगीता, लक्ष्मी रावत, मधु, अनामिका, कविता, संगीता, सुनीता, सीमा, नंदनी, सोनिया, अमृता, रबेका, मीनाक्षी, रीता, नवीन रवि सिंह, पुष्पा, दीपक, लता, प्रियंका, हिमानी, बीना, किरण अभिषेक, संगीता, मीनाक्षी, सुमन आदि उपस्थित थे।

# श्रीमती बीरबाला की स्मृति में मेधावी छात्राओं को चैक वितरित किये





**बिजनौर ( चिंगारी )।** दिल्ली मेट्रो के पूर्व एम.डी. एवं वर्तमान में सलाहकार श्री मंगू सिंह ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती बीरबाला की पुण्य स्मृति में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बिजनौर में कक्षा 6 से 11 तक की मेधावी छात्राओं को प्रोत्साहन राशि के रूप में 10-10 हजार रुपये के चैक व मिठाई वितरित की। बता दें कि श्रीमती बीरबाला ने वर्ष 1973 में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बिजनौर से इंटरमीडिएट किया था। बाद में उन्होंने हिंदी और संस्कृत विषय में परास्नातक डिग्री प्राप्त की थी। एक वर्ष पूर्व श्रीमती बीरबाला का निधन हो गया था। उनकी स्मृति में श्री मंगू सिंह ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की मेधावी छात्राओं के लिये प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय किया। मंगलवार को चैक वितरण के समय चौधरी मंगू सिंह, कॉलेज के प्रधानाचार्या डॉ. निर्मला शर्मा, डॉ. रंजना राजपूत सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## वृद्धा लेने आई थी दवाई,युवकों ने झांसा देकर कुण्डल व नक़दी उड़ाई

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बाइक सवारों ने एक वृद्धा को झांसा देकर लूट लिया। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मंगलवार को नहटौर के मोहल्ला ब्रह्मपुरी खजूरी निवासी जरीना नामक वृद्धा दवाई लेने के बिजनौर आई थी। वह दवाई लेकर दोपहर के समय वाहन के इंतज़ार में शास्त्री चौक पर खड़ी थी कि कुछ बाइक सवार युवक आये, उन्होंने वृद्धा को नहटौर छोड़ने के नाम पर झांसा देकर अपनी मोटरसाइकिल पर बैठा लिया। आरोप है कि जब बाइक सवार महिला को लेकर बक्शीवाला चक्कर चौराहे के पास पहुंचे तो उन्होंने महिला से सोने के कुंडल और करीब आठ हजार रुपये की नगदी लूट ली। वारदात के बाद आरोपी महिला को सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़िता ने किसी तरह पुलिस को सूचना दी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। एएसपी डा.केजी सिंह का कहना है कि प्रथम दृष्ट्या घटना संदिग्ध लग रही है। जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।



## शनिदेव जयंती पर होगा भण्डारा

**किरतपुर ( चिंगारी )। विश्व प्रसिद्ध श्री हनुमान धाम के संस्थापक प्रदीप चौहान पत्रकार ने बताया कि 16 मई दिन शनिवार को श्री हनुमान धाम पर शनि देव जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक हवन पूजन होगा और दोपहर 12:00 से शाम 4:00 बजे तक विशाल भंडारा होगा। धर्म प्रेमी अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ उठाएं।**

## चौकी के सामने लगाया जाम, भुगतना पड़ेगा अंजाम

### चार नामजद सहित 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**बिजनौर ( चिंगारी )।** लोगों में सहन शक्ति नहीं रही या फिर शासन, प्रशासन और सिस्टम से विश्वास उठ गया, जो घटना/दुर्घटना के बाद लोग सड़कों पर जाम लगा देते हैं। जनपद में लगभग रोज ऐसे समाचार मिल रहे हैं। हालांकि इस परम्परा को तोड़ने के लिये पुलिस की ओर से कानूनी कार्रवाई भी की जाती है, लेकिन लोगों में सिस्टम को लेकर जो निराशा व असंतोष है, वो कम नहीं हो रहा।

हाल ही में जिला कारागार में एक सजायाफ्ता कैदी की मौत से गुस्साये परिजनों व अन्य ग्रामीणों ने दो दिन तक जिला मुख्यालय पर जाम लगाया। गुस्साये लोगों से निपटने के लिये पुलिस प्रशासन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि बाद में पुलिस ने जाम लगाने वाले लोगों के विरुद्ध आवागमन को बाधित करने तथा सरकारी कार्यों में बाधा डालने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया। इसी तरह कल शाम अम्हेड़ा में दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत के बाद गुस्साये लोगों ने पुलिस चौकी के सामने सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। अधिकारियों ने कार्रवाई का भरोसा दिलाकर किसी तरह जाम खुलवाया। इसके बाद पुलिस ने सड़क जाम करने वाले चार व्यक्तियों को नामजद करते हुए 20-25 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया। दरअसल, शादीपुर मलकपुर निवासी 48 वर्षीय सुखवीर कल दोपहर बिजली का बिल जमा कर बाइक से लौट रहे थे कि रुस्तमपुर की पुलिया के पास पीछे से आ रही एक बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे सुखबीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये। मुरादाबाद में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। गुस्साये परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस चौकी के सामने जाम लगा दिया। सूचना मिलने पर तहसीलदार सदर आशीष सक्सेना और सीओ सिटी संग्राम सिंह मौके पर पहुंचे। काफी समझाने-बुझाने पर लोग शव को सड़क से हटाने और जाम खोलने के लिये तैयार हुए।

# छोटे शहरों में बड़ी कम्पनी करेंगी कारोबार, तो छोटे व्यापारी का चौपट होगा व्यापार

## नजीबाबाद में बिलिंग किट कम्पनी के गोदाम खोलने का विरोध

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान नजीबाबाद नगर इकाई की एक बैठक माहेश्वरी धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में व्यापारी सम्मिलित हुए। नजीबाबाद डिस्ट्रीब्यूटर संगठन के पदाधिकारी ने भी भाग लिया। नजीबाबाद में जल्द ही खुलने वाले बिलिंग किट कंपनी के गोदाम को लेकर व्यापारियों ने चिंता जताते हुए विचार व्यक्त किये। व्यापारियों ने कि कहा नजीबाबाद जैसे छोटे नगर में अगर इतनी बड़ी कंपनी अपना गोदाम खोलकर घर-घर उसके कर्मचारी छोटे से छोटा सामान भी डोर टू डोर पहुंचाएगें, होम डिलीवरी होगी तो इसका बुरा असर नजीबाबाद के मध्यम वर्गीय एवं छोटे व्यापारियों पर पड़ेगा। वर्तमान में नगर में बड़ी-बड़ी रिलायंस जैसी कंपनियों के शोरूम खुले हुए हैं जिससे व्यापार पर पहले से ही बहुत बड़ा असर पड़ रहा है। अब इस तरह की कम्पनी यहां आने से छोटे व्यापारियों पर काफी असर पड़ेगा। संगठन के वरिष्ठ प्रदेश मंत्री संजीव अग्रवाल ने कहा केंद्र व प्रदेश सरकार को इस विषय पर विचार करना चाहिए। ऐसी बड़ी-बड़ी कंपनियों को छोटे शहरों में नहीं बल्कि महानगरों में कारोबार करने की इजाजत देनी चाहिए। एक छोटा व्यापारी जो अपने पास से पैसे लगाकर अपना व्यापार करता है अपनी दुकान पर 1-2 कर्मचारी रखकर उन्हें भी रोजगार देता है, सरकार को जीएसटी के रूप में टैक्स भी देता है। सरकार को छोटे व्यापारियों के विषय में भी सोचना चाहिए। सरकार की गलत नीति के कारण छोटे व्यापारियों के सामने अपना व्यापार बचाने का संकट खड़ा हो गया है। पहले चरण में जल्द ही इसके विरोध में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को दिया जाएगा, दूसरे चरण में तहसील पर धरना दिया जाएगा। उपापति गर्ग की अध्यक्षता एवं सिकंदर खान के संचालन में मीटिंग में मुकेश जिंदल, अर्पित मेहरा, कमल बंधु, अनुज अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, जोगराम भुजिया वाले, मोहम्मद अलाउद्दीन, सरदार हरिंदर सिंह, भाजपा नेता लवी अग्रवाल, अंकुर एजेंसी वाले, नीरज सिंघल, शक्ति गर्ग आदि



मीटिंग में उपस्थित व्यापारी सुरक्षा फोरम से जुड़े व्यापारी।

# विश्व प्रसिद्ध दरगाह पर सालाना मजलिसों का 21 मई से होगा आगाज

## जोगीपुरा में सालाना मजलिसों की तैयारियां जोरों पर

नजीबाबाद (चिंगारी)। जोगीपुरा स्थित विश्व प्रसिद्ध दरगाहे आलिया नजफे हिंद पर सालाना मजलिसों को आगाज 21 मई से होगा। दरगाह पर मजलिसों की तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस संबंध में शिया धर्म गुरु मौलाना शबाब नकवी प्रशासक दरगाह ने बताया कि आने चार दिवसीय सालाना मजालिस 21 मई 2026 से शुरू होगी। मजलिसों के मद्देनजर दरगाह पर आने वाले जायरीनों की सहूलियत के लिए कामों का सिलसिला युद्ध स्तर पर चल रहा है। जिसमें खास तौर पर नालों की सफाई, रंगाई-पुताई व खेतों की जमीन को टेंटों के लिए समतल बनाने, लाइट की व्यवस्था के लिए बल्लियां लगाने का कार्य जारी है। ताकि दरगाह पर आने वाले जायरीनों को किसी तरह की मुश्किल का सामना न करना पड़े। दरगाह के प्रशासक मौलाना शबाब नकवी ने बताया उनकी प्राथमिकता जायरीनों को सुविधा उपलब्ध कराना है। दरगाह पर इंतजामिया द्वारा तकरीबन सारे एहम कामों को ध्यान में रखते हुए तेजी से काम किया जा रहा है। जिससे मजलिसों में बेहतर इंतजाम हो सके तथा खूबसूरत तरीके से मजलिसें मुनाकिद हों सकें।


दरगाह पर सफाई करते कर्मचारी।

जायरीनों के लिए सीवर लाइन के बड़े पाइप लगवाए जा रहे हैं, नए स्तर पर लैट्रिनों को बनाने के काम जारी है। मौलाना ने बताया कि मजलिसों के आयोजन के लिए प्रशासन पूरी तरीके से सहयोग कर रहा है।

# डीएम ने फहीम अख्तर को सम्मानित किया



नजीबाबाद (चिंगारी)। डीएम जसजीत कौर ने लाइफ लाइन हॉस्पिटल नजीबाबाद में ब्लड बैंक के उद्घाटन के मौके पर रक्तदान महादान टीम के संचालक फहीम अख्तर को उनके समाजहित में किये जा रहे सेवा कार्यों के लिए शील्ड देकर सम्मानित किया। इस मौके पर रक्तदान महादान की टीम ने अपना ब्लड डोनेट किया तथा लोगो से रक्तदान करने की अपील की। इस अवसर पर रक्तदान महादान टीम के ब्लॉक सचिव कासिम खान, नगर सचिव राहुल कुमार, सलमान, शारिक, जुनैद अंसारी, ईसा मलिक, कामिल अंसारी, सलमान खान, डॉ. गुलरेज, साहनपुर सभासाद रुखसार व काफी अन्य लोग मौजूद रहे। ब्लड बैंक के मालिक डॉ. अशोक चहल व मोहम्मद आजम ने बताया कि लाइफ लाइन ब्लड बैंक पर 24 घंटे ब्लड की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

# फजलपुर यार्ड में बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी फैली

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद के फजलपुर यार्ड में एक अज्ञात बुजुर्ग का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी व सिविल पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने के प्रयास किया गया। मंगलवार को सुरक्षा नियंत्रण कक्ष मुरादाबाद से शाम को फजलपुर यार्ड के किलोमीटर संख्या 1502/34-32 पर शव पड़ा होने की सूचना मिली। सूचना पर सहायक उप निरीक्षक धन सिंह चौहान हमराह स्टाफ के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर देखा गया कि फजलपुर स्टेशन की लूप लाइन पर करीब 65 वर्ष आयु का एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा था। मृतक का सिर लूप लाइन के बीच में जबकि शरीर का बाकी हिस्सा लूप लाइन व डाउन मेन लाइन के बीच पड़ा हुआ था। रेलवे पुलिस ने शव को ट्रैक से हटाकर लाइन को क्लियर कराया। जीआरपी द्वारा मृतक की तलाशी लेने पर उसके पास से कोई रेल टिकट, पहचान पत्र या अन्य दस्तावेज बरामद नहीं हुआ। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# मीट की दुकानों पर रेट सूची लगवाने की मांग

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के प्रधानों व जागरूक लोगों ने डीएम को पत्र भेजकर मीट विक्रेताओं के मनमाने रेट पर रोक लगाने तथा मूल्य सूची प्रतिष्ठानों पर लगवाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि जनपद बिजनौर में भैंस के मांस विक्रेताओं द्वारा जनता को मनमाने ढंग से अधिक रेट पर मीट बेचा जा रहा है। मीट विक्रेताओं द्वारा अपने प्रतिष्ठानों पर कोई रेट सूची नहीं लगाई जा रही है। इस तरह से मीट विक्रेता जनता से इस कारोबार की आड़ में मनमाने रेट वसूल रहे है। आएदिन मीट विक्रेता अपनी मर्जी से मीट के रेट बढ़ाते रहते है। अगर कोई ग्राहक मीट विक्रेताओं से इस बारे में कोई बात करता है तो वह उससे अभद्र व्यवहार करते है। पत्र में कहा गया है कि मीट विक्रेताओं को बाहर से काफी सस्ते दामों पर मीट मिल रहा है। इसके बावजूद वह अपनी मर्जी से निर्धारित मूल्यों पर मीट बेच रहे है। जिससे मीट खाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने डीएम से जनहित में इस मामले की जांच कराकर रेट सूची मीट विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर लगाये जाने के आदेश दिये जाने की मांग की। पत्र देने वालों में पूर्व जिला पंचायत सदस्य हाजी नसीम अंसारी, ग्राम प्रधान शाहजहां, ग्राम प्रधान नारायणपुर रतन शहनाज खातून, ग्राम प्रधान अलीपुरा मौ. आरिफ, ग्राम प्रधान मुअज्जमपुर तुलसी कमरूनिशा, ग्राम प्रधान श्यामीवाला फैजू, ग्राम प्रधान इमराना, ग्राम प्रधान अमीरजहां, नफीस, इस्तेखार, आदि के नाम है।

# हनीफ पान वाले की दुकान में हजारों की चोरी

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के डबल फाटक पुल के नीचे स्थित प्रसिद्ध हनीफ पान वाले की दुकान के बीती रात चोरों ने ताले तोड़कर वहां से हजारों रूपए का सामान व नकदी चोरी कर ली। बीती रात करीब साढ़े 12 बजे हनीफ पान वाले का छोटा पुत्र दुकान बंद कर घर गया था, आज सुबह करीब साढ़े छह बजे जब उसने दुकान पर पहुंचकर देखा तो शटर के दोनों ताले वहां टूटे पड़े मिले। अंदर देखने पर पान, बीड़ी, सिगरेट, चिप्स के पैकिट आदि सभी सामान दुकान में बिखरा पड़ा मिला। चोरों ने वहां से हजारों रूपए के सिगरेट, गुटखा, बीड़ी के पैकिट के साथ कैश चोरी कर लिया। पीड़ित व्यापारी ने घटना की सूचना पुलिस को दी है।



# विधायक ने आग की घटना पर दुःख व्यक्त किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। विधायक हाजी तसलीम अहमद ने नजीबाबाद के कटहरा मार्केट पहुंचकर दुकान में आग लगने से पीड़ित कपड़ा कारोबारी तरुण से मुलाकात की। विधायक ने मौके पर स्थिति का जायजा लेते हुए इस घटना पर अपना दुख व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। विधायक ने तरूण की दुकान के आसपास की अन्य कई दुकानें भी आग की चपेट में आने से हुए नुकसान पर विधायक ने अफसोस जताते हुए कहा कि वह इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के साथ खड़े है।





## चेयरमैन ने अग्निपीड़ित व्यापारी को ढांढस बंधाया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगरपालिका परिषद के चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने कल सुबह नगर के कठहरा बाजार में तरूण क्लॉथ हाउस पर आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर पीड़ित व्यापारी से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। पीड़ित व्यापारी ने चेयरमैन ने को बताया कि दुकान में आग लगने से उनका सबकुछ जल गया है। जिंदगी की पूरी पूंजी आग में जलकर खत्म हो गई है। चेयरमैन ने इस घटना पर गहरा अफसोस जताते हुए सहयोग का आश्वासन दिया।

## शासन-प्रशासन से मदद की अपील की

नजीबाबाद (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव एवं पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय महासचिव हाजी शाहनवाज मंसूरी ने नगर के कटहरा मार्केट में तरूण क्लॉथ हाउस पर आग की यह घटना बेहद दुखद व हृदय विदारक बताई है। उन्होंने कहा कि इस हादसे की खबर सुनकर मन बहुत व्यथित हुआ। उन्होंने पीड़ित व्यापारियों का सहयोग व उनका दुख बांटने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि व्यापारी अपना पूरा जीवन व मेहनत की पूंजी अपने व्यापार में लगा देता है। इस हादसे में कई व्यापारियों का सब कुछ जलकर राख हो गया, जो वास्तव में बहुत पीड़ादायक है। उन्होंने शासन-प्रशासन से अग्निपीड़ित व्यापारियों की हर संभव मदद की अपील की।

## लीना सिंघल ने सरकार से मुआवजे की मांग की

नजीबाबाद (चिंगारी)। भाजपा की पूर्व प्रांतीय पार्षद एवं धामपुर की पूर्व चेयरपर्सन लीना सिंघल ने कटहरा मार्केट में अग्निपीड़ित कपड़ा व्यापारी तरूण के परिवार से मुलाकात कर इस घटना पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने अग्निपीड़ित व्यापारी व उनके परिवार को दुख की इस घड़ी में सांत्वना देते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। भाजपा नेत्री ने सरकार से पीड़ित व्यापारी की क्षतिपूर्ति के लिए मुआवजा दिलाने की मांग की। इस मौके पर व्यापारी नेता राजन टंडन गोल्डी, अंकित राजपूत, कोमल सिंह हल्दिया, शशिबाला, गायत्री निराला, वीपी सिंह आदि मौजूद रहे।

# अबरार आलम के आवास पर हुआ आसपा का कार्यकर्ता सम्मेलन



बिजनौर (चिंगारी)। दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के हक की आवाज बुलंद करने के उद्देश्य से आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) का कार्यकर्ता परिचय सम्मेलन भागूवाला में आयोजित हुआ। हाल ही में बहुजन समाज पार्टी छोड़कर आसपा में शामिल हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अबरार एड.के आवास पर हुए कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का भव्य स्वागत व सम्मान किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए अबरार आलम एडवोकेट ने कहा कि वर्तमान में आजाद समाज पार्टी ही देश में शोषितों और वंचितों के अधिकारों की असली लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा, पार्टी के पास भले ही वर्तमान में एक सांसद (चंद्रशेखर आजाद) हो, लेकिन वे अकेले ही पूरे देश में मजलूमों की आवाज बने हुए हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मंडल प्रभारी व साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने स्थानीय मुद्दों पर जोर देते हुए कहा कि इतिहास में पहली बार नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने नजीबाबाद विधानसभा और भागूवाला जैसे क्षेत्रों की समस्याओं को संसद के पटल पर रखा है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सतेंद्र सिंह, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष प्रशांत महासागर, शहजाद अहमद, इंजीनियर मनोहर लाल, ललित कुमार, रजत कुमार, रोहित कुमार, अशोक कुमार, वाजिद मकरानी, मुस्तफा मकरानी, शमशीद अहमद, डॉ. साबिर, साबू मकरानी, दानिश अहमद, मास्टर फरीद और जकी एडवोकेट सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# नशीले पदार्थ के सेवन से नाबालिग की मौत



## पार्षदों के नेतृत्व में लोगों ने किया थाने का घेराव

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार में नशीले पदार्थ का सेवन करने से एक नाबालिग की मौत हो गई। नाबालिग की मौत की खबर पर स्थानीय लोगों ने रोष व्यक्त करते हुए थाने का घेराव किया और पुलिस से नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

स्थानीय लोग वार्ड नं. 22 के पार्षद मनोज शाह और वार्ड नं. 19 के पार्षद नेत्र मोहन असवाल के नेतृत्व में जुलूस की शक्ल में पहले तहसील पहुंचे। यहां उन्होंने उपजिलाधिकारी को नगर निगम क्षेत्र में बढ़ते नशे और मादक पदार्थों की बढ़ती बिक्री पर रोक लगाने के लिए ज्ञापन सौंपा। तत्पश्चात वे कोतवाली पहुंचे और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए थाने का घेराव किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि नगर की कई गलियों और मोहल्लों में अवैध शराब और मादक पदार्थों की लगातार बिक्री हो रही है, जो कोटद्वार जैसे छोटे शहर के लिए चिंता का विषय है। नगर का युवा व छात्र वर्ग तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रहा है। इसी का परिणाम है कि नशे के कारण नाबालिग को अपनी जान गंवानी पड़ी। कहा कि इस कारण शहर का माहौल खराब होने की भी आशंका है, इसलिए नशे के तस्करों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। थाने का घेराव करने वालों में सोनिया असवाल, विनोद गुसांई, निशी नेगी, संतोष जदली, रामप्रकाश, पारस नेगी, सुधा नेगी, ज्योति रावत, मनोरमा देवी और सरिता देवी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल रहे। वहीं इस संबंध में कोतवाल प्रदीप नेगी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाने के बाद पता चला है कि मृतक नाबालिग अपने दोस्त और एक ट्रेनर के साथ सोमवार शाम को घर से निकला था। उसके बाद देर रात को उसकी तबियत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल ले गए जहां उसकी मृत्यु हो गई।

# चरस के साथ, दो व्यक्ति आये पुलिस के हाथ

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो व्यक्तियों को 1 किलो 52 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपियों ने बताया कि आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से वे चरस की तस्करी कर रहे थे। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक पौड़ी के नशे की बिक्री व आपूर्ति पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देशों के क्रम में पुलिस, एएनटीएफ एवं सीआईयू की संयुक्त टीम थानाक्षेत्रान्तर्गत चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा मालन नदी पुल के पास संदिग्ध रूप से घूम रहे दो व्यक्तियों को रोककर उनकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान दोनों आरोपियों शहनवाज उर्फ शानू निवासी कोटद्वार तथा मोहम्मद फईम निवासी जाफ्तांगंज, नजीबाबाद (उत्तर प्रदेश) के कब्जे से 01 किलो 52 ग्राम चरस बरामद हुई। मौके पर शहनवाज उर्फ शानू, के कब्जे से 876 ग्राम तथा मो.फईम कब्जे से 176 ग्राम चरस बरामद हुई। इस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपियों द्वारा बताया गया कि वे दोनों स्वयं भी नशे के आदी हैं तथा फल एवं मछली बेचने का कार्य करते हैं। नशे की सप्लाई कर कम समय में अधिक धन अर्जित करने की लालसा में वे इस चरस को को बेचने जा रहे थे। गिरफ्तारशुदा आरोपियों के खिलाफ पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# जरूरतमंद बच्चों को किया शैक्षिक सामग्री का वितरण

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय में अध्ययनरत जरूरतमंद बच्चों को कॉपी, किताब, ड्रेस, जूते, टाई व बेल्ट आदि सामग्री का वितरण किया गया। सामग्री वितरण प्रभारी शिक्षक संतोष सिंह नेगी ने बताया कि उनके द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया में बच्चों की मदद हेतु अपील की गई थी जिस पर उनकी सहपाठी और वर्तमान में दुबई में कार्यरत जसबीर बजाज ने आर्थिक मदद पहुंचाई और इससे कक्षा 6 में पढ़ने वाले समस्त 57 बच्चों हेतु कॉपियां और पेन की व्यवस्था की गई। इसके अलावा विद्यालय में कार्यरत शिक्षक देवेंद्र सिंह रावत और विनोद पंत द्वारा मिलकर 25 अन्य जरूरतमंद बच्चों हेतु ड्रेस, जूते व बेल्ट का इंतजाम किया गया। शैक्षिक सामग्री का वितरण प्रार्थना स्थल पर समस्त शिक्षकों द्वारा किया गया। प्रभारी प्रधानाचार्य मुकेश रावत ने समस्त दानदाताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पद्मेश बुड़ाकोटी, अनूप नेगी, डबल सिंह रावत और विशाल सैनी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# गढ़वाल के प्रथम सांसद की जयंती मनाई

**जनसेवा के प्रतीक थे बलदेव सिंह आर्य - नेगी**

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी,गढ़वाल के प्रथम सांसद एवं उत्तर प्रदेश सरकार में दशकों तक मंत्री रहे स्व. बलदेव सिंह आर्य की 114वीं जयंती के अवसर पर कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी ने कहा कि स्व. बलदेव सिंह आर्य केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना, समानता और जनसेवा के जीवंत प्रतीक थे। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सम्मान, अधिकार और अवसर दिलाने के लिए समर्पित किया। कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाने के साथ ही उन्होंने दलित, शिल्पकार एवं वंचित वर्गों के सामाजिक उत्थान के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। डोला-पालकी आंदोलन के माध्यम से सामाजिक समरसता और सम्मान की लड़ाई को नई दिशा देने में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका संघर्षमय जीवन वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत है। महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मीना बछवाण ने कहा कि स्व. बलदेव सिंह आर्य ने समाज में व्याप्त भेदभाव और कुरीतियों के विरुद्ध आजीवन संघर्ष कर सामाजिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया।

इस अवसर पर पूर्व महानगर अध्यक्ष संजय मित्तल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख गीता नेगी, सुधा असवाल, पूर्व प्रधान लक्ष्मी नेगी, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, डॉ. चंद्रमोहन खर्कवाल, महावीर सिंह रावत और शंकेश्वर प्रसाद सेमवाल सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ब्लाक कांग्रेस कमेटी दुगड्डा ने भी दी पुष्पांजलि

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** दुगड्डा ब्लाक कांग्रेस कमेटी की ओर से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. बलदेव सिंह आर्य की 114 वीं जयंती के अवसर पर उनके पैतृक गांव दुगड्डा ब्लाक के उमथ गांव में कार्यक्रम का आयोजन करते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष राजीव जखमोला ने कहा कि 1952 में पहली बार वे यूपी विधान सभा के पौड़ी -बद्रीनाथ सुरक्षित सीट से निर्वाचित हुए थे और कई बार राज्य मंत्री और कैबिनेट मंत्री के पद पर कार्य किया। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाते हुए जेल की सजाएं काटी, और अपने मंत्रित्व काल में शिक्षा के क्षेत्र मे प्रदेश एवं पर्वतीय जिलों में प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना में योगदान प्रदान किया। कहा कि उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को हमेशा याद किया जाता रहेगा। कार्यक्रम में ब्लाक अध्यक्ष यमकेश्वर अनिल रतूड़ी, रूचि कैंत्यूरा, स्व.बलदेव आर्य के भतीजे जयद्रथ आर्य, पूर्व ब्लाक कनिष्ट प्रमुख अशोक रावत, पूरण सिंह, राकेश रावत, पियूष कैंत्यूरा और कुंदन सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# एम्स में हुआ इनोवेशन प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश के शरीर क्रिया विज्ञान विभाग में अतिथि व्याख्यान और एमबीबीएस बैच-2025 द्वारा 'शरीर क्रिया विज्ञान इनोवेशन प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी' का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया। अतिथि व्याख्यान में प्रोफेसर सतीश देवपुजारी ने मेडिकल ऐप्स से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक का सफर विषय पर चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में डिजिटल उपकरणों के विकास पर प्रकाश डाला, जिसमें उन्होंने शिक्षण-अधिगम पद्धतियों, नैदानिक अभ्यास और भविष्य की स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणालियों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उभरती भूमिका पर विशेष बल दिया गया।

इस अवसर पर आयोजित शरीर क्रिया विज्ञान इनोवेशन प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का एम्स ऋषिकेश की निदेशक प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह, अनुसंधान डीन प्रोफेसर शैलेंद्र हांडू, आमंत्रित वक्ता प्रोफेसर सतीश देवपुजारी, शरीर क्रिया विज्ञान विभाग की प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष प्रोफेसर लतिका मोहन और प्रोफेसर प्रशांत एम. पाटिल ने संयुक्तरूप से उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में प्रोफेसर सुनीता मित्तल, प्रो. योगेश सिंह, प्रो. अरुण गोयल, प्रो. पूर्वी कुलश्रेष्ठ, डॉ. जयंती पंत आदि ने शिरकत की। कार्यक्रम का डॉ. अश्विनी महादुले और डॉ. दिव्या ह्यांकी ने संयुक्तरूप से संचालन किया। इनोवेशन चैलेंज में पच्चीस टीमों ने अपने प्रोटोटाइप प्रदर्शित किए। छात्रों ने विभिन्न शारीरिक क्रियाविधियों और उनके नैदानिक महत्व को दर्शाने वाले कार्यशील मॉडल और इंटरैक्टिव प्रदर्शन प्रस्तुत करके उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**" इन टीमों का प्रदर्शन रहा श्रेष्ठ**

**शरीर क्रिया विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित शरीर क्रिया विज्ञान इनोवेशन प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी में शीर्ष तीन विजेता टीमों में 'एल्बो परसेप्शन ड्रिफ्ट ट्रैकर', 'पेस्प्लैनस करेक्टर डिवाइस' और 'माइक्रो फ्लो सॉक' शामिल रहीं। इस कार्यक्रम ने छात्रों, संकाय सदस्यों और आमंत्रित अतिथियों के बीच सार्थक संवाद का अवसर प्रदान किया।**

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# साइकिल से स्कूल पहुंचे शिक्षक

## पीएम के आह्वान पर मोटरसाइकिल छोड़ साइकिल थामी

**नहटौर ( चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर तेल बचाने के क्रम में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ने मोटरसाइकिल छोड़ साइकिल से विद्यालय जाना शुरू किया है। उन्होंने कहा कि यदि शिक्षक पहल करेगा तो छात्र व समाज में सकारात्मक संदेश जायेगा।



आज बुधवार को नहटौर के प्राथमिक विद्यालय दबथला में प्रधानाध्यापक एवं उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुधाराज सिंह साइकिल से स्कूल पहुंचे और उन्होंने अन्य स्टाफ, शिक्षक संगठन के पदाधिकारियों से भी तेल बचाने की अपील की। सोशल मीडिया पर भी लोगों से देश में तेल बचाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह संकट देश अथवा देश से किसी व्यक्ति के द्वारा नहीं, बल्कि विश्व में हो रहे युद्ध के कारण पैदा हुआ है। कहा की हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देशहित में की गई अपील का पूरी तरह से समर्थन करते हैं। उन्होंने छात्रों से भी अपने अभिभावकों से प्रधानमंत्री के द्वारा की गई अपील के बारे में चर्चा करने का आह्वान किया।

## गन्ने की फसल कटने के बाद खेतों में दिखाई देने लगे गुलदार

**चांदपुर ( चिंगारी )।** खेत खाली होने के साथ ही गुलदार व उनके शावक दिखाई देने लगे हैं। मिठनपुर चमरोला के जंगल में शावकों के साथ गुलदार दिखाई देने से ग्रामीणों विशेषकर किसानों में भय बना हुआ है। वन विभाग की टीम ने गुलदार का पता लगाने के लिए ड्रोन उड़ाया, लेकिन उसका पता नहीं लग सका। वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों से सावधानी बरते जाने को कहा है। किसानों ने मिठनपुर चमरोला के जंगल में शावकों के साथ गुलदार को देखा था, ग्रामीणों ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी थी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर गुलदार का पता लगाने के लिए ड्रोन उड़ाया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। गुलदार ड्रोन में नहीं आ पाया। ग्रामीणों ने गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाये जाने की मांग की है।


तुरंत आवश्यकता
3 स्टोर स्टाफ की
मेल/फीमेल (उम्र 20-35 वर्ष)
आकर्षक वेतन योग्यतानुसार
सम्पर्क करें।
Singh Enterprises
सिविल लाइंस, बिजनौर
मो. 8218014102

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association
(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans, Havells Fans, Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

तुरन्त आवश्यकता
( कैंटीन सुपरवाइजर व सहायक की )
बिजनौर में कैंटीन के लिये एक अनुभवी सुपरवाइजर एवं एक कैंटीन सम्बंधी चाय, कॉफी, मैगी, वैज सेंडविच, आमलेट आदि कार्य करने हेतु एक युवक की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें- 9319935942, 9267451171

Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS 9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर